दैनिक

लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार ,झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



वेलकम टू द जंगल में .....

जाह्नवी के साथ काम करने की थी .....

वर्ष : 10 | अंक : 166 | लखनऊ, 26 मई, रविवार 2024 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

गाजीपुर में पीएम मोदी की हुंकार

वंचितों का जो अधिकार है, मोदी उसका चौकीदार है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, पीएम नरेंद्र मोदी ने गाजीपुर में भाजपा प्रत्याशी पारसनाथ राय के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि गाजीपुर की धरती... पराक्रम और शौर्य की गाथाएं बताती है। गाजीपुर की परंपरा और यहां का गमहर गांव... ये नाम ही काफी है। जहां हर घर से जांबाज निकलते हों... ये गौरव गाजीपुर के अलावा किसी को मिला है क्या... पूरा देश इस मिट्टी का ऋणी है। विपक्ष पर वार करते हुए उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन वालों ने गाजीपुर के साथ विश्वासघात किया है। आजादी के बाद कांग्रेस ने कसम खा ली थी कि इस क्षेत्र का विकास नहीं करेगी। यहां के लोग गरीबी में घुट-घुट कर जीने को मजबूर रहे हैं।

मोदी ने कहा कि यहां की तकलीफ को सबसे पहले हमारे गहमरी बाबू ने उठाया था, उन्होंने संसद में नेहरू जी को यहां की स्थिति बताई और आंख में आंसू के साथ बाबूजी ने कहा कि कैसे यहां के लोग जानवरों की गोबर से गेंहू चुनकर के खाते थे। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने क्या किया... उसमें भी राजनीति मौके तलाश लिए। आज मुझे संतोष है कि हमारी सरकार घर हर गरीब को मुफ्त राशन दे रही है। उन्होंने कहा कि क ा म

लटकाने और हक मारने में तो कांग्रेस को महारत हासिल है। इन्होंने हमारे सेना के वीर जवानों को वन रैंक, वन पेंशन तक नहीं मिलने दिया। वन रैंक, वन पेंशन तब लागू हुई, जब मोदी आया।

प्रधानमंत्री ने दावा किया मोदी ने जो काम किए, उससे गरीब का जीवन बदला। सिर्फ 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं... ये इसलिए हुआ कि आपके वोट ने मोदी को मजबूत किया। हमने 4 करोड़ परिवारों को पीएम आवास दिए। हमने 50 करोड़ गरीबों के बैंक में खाते खुलवाए। हमने हर गांव तक बिजली पहुंचाई, हम हर घर जल पहुंचा रहे हैं। आज किसी गरीब को इलाज के लिए अपनी जमीन नहीं बेचनी पड़ती है, क्योंकि आज उसके पास आयुष्मान कार्ड है। उन्होंने कहा कि अगर मेरी माताओं को बीमारी सहनी है तो इस बेटे का दिल्ली में बैठने का क्या मतलब है। इसलिए आपके इस बेटे ने तय किया कि अब गरीब को बीमारी में इलाज की जिम्मेदारी मोदी उठाएगा। आज आयुष्मान योजना करोड़ों परिवारों को मुसीबत में सहायता देता है। मोदी ने कहा कि सपा के दौर में यूपी में ये हाल था कि माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दंगों को यूपी की पहचान बना दिया गया था। सपा की सरकार में हर महीने 2-3 दंगे होते थे। इसका नुकसान गरीबों को होता था। अब योगी जी सरकार में दंगे भी बंद हैं और दंगाई भी बंद हैं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इंडी गठबंधन वाले एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण की लूट में एक साथ खड़े हैं। लेकिन ये मोदी इनके सामने सीना तानकर खड़ा है और मैं गारंटी देता हूं कि जब तक मोदी जिंदा है, एससी-एसटी-ओबीसी का आरक्षण मैं किसी हालत में उनको छीनने नहीं दूंगा।

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में विस्फोटक फैक्ट्री में विस्फोट से एक की मौत, छह घायल

बेमेतरा : अधिकारियों ने कहा कि आज (25 मई) छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में एक विस्फोटक निर्माण कारखाने में विस्फोट में छह लोग घायल हो गए और एक व्यक्ति की जान चली गई। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि विस्फोट बेरला विकास खंड के पिरदा गांव के पास स्थित इकाई में हुआ। बेमेतरा में विस्फोटक फैक्ट्री में हुए विस्फोट पर डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल के सहायक प्रोफेसर डॉ. शिवम पटेल ने कहा, ₹कुल सात मरीजों को यहां लाया गया था। जिनमें से एक को मृत लाया गया था, बाकी छह मरीजों का इलाज चल रहा है।" छह मरीजों की हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं, इसकी पुष्टि एक्स-रे के बाद ही की जा सकती है। उन्होंने बताया कि अलर्ट मिलने के तुरंत बाद पुलिस और बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा, "विस्फोट में अब तक छह लोगों के घायल होने की खबर है।" उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल पहुंचाया जा रहा है।

झूठ, नफरत और दुष्प्रचार को लोगों ने नकारा : राहुल गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मतदान करने के बाद कहा कि देश की जनता ने इस लोकसभा चुनाव में झूठ, नफरत और दुष्प्रचार को नकार दिया है। कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और राहुल गांधी नेनयी दिल्ली संसदीय क्षेत्र में वोट डाला। मतदान के बाद अपनी मां सोनिया गांधी के साथ एक तस्वीर साझा करते हुए राहुल गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, देशवासियों, पहले पांच चरणों के मतदान में आपने झूठ, नफरत और दुष्प्रचार को नकार कर अपने जीवन से जुड़े जमीनी मुद्दों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा, आज छठे चरण का मतदान है और आपका हर वोट सुनिश्चित करेगा कि युवाओं के लिए 30 लाख सरकारी पदों पर भर्ती और एक लाख रुपये प्रति साल की पहली नौकरी पक्की योजना शुरू हो जाए, गरीब परिवारों की महिलाओं के खातों में 8,500 रुपये महीना आने लगे, किसान कर्ज.मुक्त हों और उन्हें फसल पर सही एमएसपी मिले, मजदूरों को 400 रुपये का दैनिक मेहनताना मिले। उन्होंने लोगों का आह्वान किया, आपका वोट आपके जीवन को बेहतर बनाने के साथ-साथ लोकतंत्र और संविधान की रक्षा भी करेगा। मां और मैंने लोकतंत्र के इस महापर्व में वोट डाल कर अपना योगदान दिया।

संक्षिप्त समाचार

चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं : खरगे

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को आरोप लगाया कि चीन ने भारत की जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुप हैं।खरगे ने हिमाचल प्रदेश के रोहडू में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया और पूछा कि 56 इंच का सीना कहां है। कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी देश के लोगों और संविधान को बचाने के लिए लड़ रही है और अगर वह लोकसभा चुनाव में सत्ता में आती है तो 30 लाख सरकारी रिक्तियां भरी जाएंगी। खरगे ने कहा, हमने पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई लड़ी और बांग्लादेश को आजादी दिलाई। चीन ने हमारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया और घर तथा सड़कें बना रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। 56 इंच का सीना कहां है? कांग्रेस अध्यक्ष ने 2023 की बाढ़ के बाद हिमाचल प्रदेश सरकार को कथित तौर पर सहायता नहीं देने के लिए भी केंद्र पर हमला बोला। खरगे ने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बाढ़ के बाद केंद्र से 10,000 करोड़ रुपये की सहायता मांगी थी, लेकिन कोई मदद नहीं मिली।

ग्रेटर नोएडा क्षेत्र के तकरीबन 44 गांव के किसानों ने पंचायत में रखी अपनी परेशानियां

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने आगे बताया कि किसानों की समस्या के समाधान के लिए ही राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश शासन के अध्यक्ष के नेतृत्व में एक हाई लेवल कमेटी का गठन किया गया था और उस कमेटी के समक्ष मेरे द्वारा किसान भाइयों की समस्याओं को रख दिया गया है। इस मौके पर किसानों ने जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह से कहा कि हाई लेवल कमेटी गठित हो जाने के पश्चात भी अनावश्यक विलंब किसानों की समस्याओं को निस्तारित किए जाने में किया जा रहा है। किसानों ने यह भी बताया कि आज ग्रेटर नोएडा की पहचान दुनिया के अच्छे शहरों में होती है और यह उन्हीं किसानों की वजह से संभव हो पाया है, जिनकी जमीनों को अधिग्रहित किया गया था।

पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है और हम उसे लेकर रहेंगे : अमित शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार



नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और हम उसे लेकर रहेंगे। उन्होंने पड़ोसी देश के पास परमाणु बम होने संबंधी बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। शाह ने हमीरपुर लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के समर्थन में ऊना जिले के अम्ब में एक रैली में कहा, पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर हमारा है, हमारा रहेगा और हम इसे लेकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के पहले पांच चरणों में 310 सीटें जीत ली हैं और छठे तथा आखिरी चरणों के चुनाव में 400 पार का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा जबकि कांग्रेस नेता राहुल गांधी 40 सीटों तक सीमित रहेंगे। शाह ने रैली में लोगों से यह पूछकर कांग्रेस पर निशाना साधा कि अगर वह सत्ता में आती है तो प्रधानमंत्री कौन होगा। उन्होंने राज्य में भाजपा की सरकार बनाने के लिए छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव में भाजपा को विजयी बनाने और 400-पार का लक्ष्य हासिल करने में मदद करने की अपील की।

सीएम योगी ने लोगों से मतदान की अपील की

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, लोकसभा के छठे चरण में शनिवार को उत्तर प्रदेश की 14 लोकसभा सीट और एक विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए जारी मतदान के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने लोगों से मतदान की अपील की है।

मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, लोकसभा चुनाव का आज छठा चरण है। सम्मानित मतदाताओं से मेरी अपील है कि मतदान अवश्य करें। इसी पोस्ट में मुख्यमंत्री ने कहा, लोकतंत्र के महापर्व में आपकी सहभागिता नए भारत में विरासत के सम्मान के साथ ही देश की विकास यात्रा को और समृद्ध बनाएगी। इसलिए, आत्मनिर्भर-विकसित भारत के निर्माण हेतु पहले मतदान, फिर जलपान।

मायावती ने की लोगों से मतदान की अपील

बसपा अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने एक्स पर अपने संदेश में कहा, आज लोकसभा के छठे चरण के मतदान में लोग अगर महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी जैसी राष्ट्रीय समस्याओं से मुक्ति की चिंता करके सही संवैधानिक कल्याणकारी सोच वाली सरकार चुनने के संकल्प के साथ पहले मतदान फिर जलपान का अभियान जारी रखें तो बेहतर है। तभी यहां बहुजन हिताय व बहुजन सुखाय संभव है। बसपा प्रमुख ने सिलसिलेवार पोस्ट कर कहा, केंद्र में चाहे संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन हो या फिर वर्तमान की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार। कुछ मुट्ठी भर लोगों को छोड़कर देश के लगभग 125 करोड़ गरीब व मेहनतकश जनता को आत्म-सम्मान के साथ रोटी-रोजी का बुनियादी हक नहीं मिल पाया अर्थात उनके बुरे दिन दूर नहीं हुए। अतः अच्छी सरकार के लिए आपका वोट जरूरी है।

चार जून को उप्र से भाजपा का सफाया हो जाएगा : अखिलेश यादव

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को दावा किया कि चार जून को जब मतगणना होगी तो उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का सफाया हो जाएगा।

यादव यहां देवरिया लोकसभा क्षेत्र से विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलेपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) से कांग्रेस के उम्मीदवार अखिलेश प्रताप सिंह और कुशीनगर लोकसभा क्षेत्र से सपा उम्मीदवार अजय कुमार सिंह के समर्थन में एक संयुक्त चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सपा प्रमुख ने जनता का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है और पहले चरण से ही जनता ने चुनाव अपने हाथ में ले लिया है। उन्होंने कहा इस बार उत्तर प्रदेश में जो हवा चली है, ये जो माहौल बना है और जिस तरह इंडिया गठबंधन को समर्थन मिल रहा है, मुझे पूरा भरोसा है कि चार जून को भारतीय जनता पार्टी का उत्तर प्रदेश से सफाया होना तय है। यादव ने यह भी दावा किया कि चार जून को मंत्रिमंडल तो बदलेगा ही, मीडिया मंडल भी बदलेगा। भाजपा पर चुनावी बाण्ड के नाम पर बड़े-बड़े उद्योगपतियों से चंदा वसूलने का आरोप लगाते हुए यादव ने दावा किया कि इसी वजह से देश में महंगाई बढ़ गयी क्योंकि जिन कंपनियों ने चंदा दिया उन्होंने मुनाफा कमाने के लिए महंगाई बढ़ाई। यादव ने परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह चुनाव आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है और जो लोग मन की बात करते थे, जो मनमर्जी थे, उनसे कहना चाहते हैं कि अब मन की बात नहीं चलेगी, अब संविधान की बात चलेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रभारी अविनाश पांडेय ने भी सभा को संबोधित किया। देवरिया और कुशीनगर में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा।

देश में बेरोजगारी और महंगाई चरम पर : प्रियंका गांधी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, उत्तर प्रदेश के गोरखपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने बेरोजगारी और महंगाई को लेकर प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। प्रियंका ने कहा कि आज बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है, लेकिन नरेंद्र मोदी इस बारे में एक शब्द नहीं बोलते। इसलिए अब समय आ गया है कि हम ढट मोदी को बेरोजगारी और महंगाई का मतलब समझाएं। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशी कहते हैं कि '400 पार' आने पर संविधान बदल देंगे और आरक्षण छीन लेंगे। वहीं, कांग्रेस पार्टी और कठऊकअ गठबंधन आपसे आपके मद्दों की बात करती है। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम आपको बताते हैं कि महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ क्या किया जाएगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हम क्या कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में कुशीनगर में 10 में 6 चीनी मिलें बंद हो गई। जहां व्यापार, रोजगार और लोगों के लिए सुविधाएं हैं, उन्हें बंद कराया गया है। पीएम मोदी ने सिर्फ अपने खरबपति मित्रों के लिए सरकार चलाई है। उनके 16 लाख करोड़ रुपये माफ कर दिए। इसलिए आप एक ऐसी सरकार लाइए, जो आपके लिए काम करके दिखाए।

प्रशांत किशोर को 2025 में बिहार में जन सुराज की जीत का भरोसा

●बोले- पूर्ण बहुमत के साथ बनाएंगे सरकार

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने एक साक्षात्कार में कहा कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में दो मजबूत क्षेत्रीय दल - लालू यादव के नेतृत्व वाली राजद और नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यू) नहीं बल्कि जन सुराज जीतेंगे। जन सुराज, जो अभी तक एक राजनीतिक पार्टी का रूप नहीं ले सका है, लोगों से जुड़ने और स्थानीय समस्याओं को समझने के लिए किशोर द्वारा शुरू किया गया एक आंदोलन और अभियान है। किशोर ने 2 अक्टूबर, 2022 को महात्मा गांधी की जयंती पर 'जन सुराज' यात्रा शुरू की थी।

प्रशांत किशोर ने कहा, ₹मैं आपको लिखित रूप से बता सकता हूं कि 2025 में बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए जन सुराज अपने दम पर बिहार में जीत हासिल करेगा। जन सुराज 242 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और बहुमत के साथ सत्ता में आएंगे।₹ किशोर ने इंटरव्यू के दौरान कहा, ₹अगर ऐसा नहीं हुआ...तो मैं सब कुछ छोड़ दूंगा और आप जो सुझाव देंगे, वह करूंगा।₹ यह पूछे जाने पर कि क्या वह मुख्यमंत्री होंगे, किशोर ने कहा कि उन्होंने अभी तक राजनीतिक पार्टी नहीं बनाई है और खुद को सीएम उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। किशोर ने पहले घोषणा की थी कि चल रहे 'जन सुराज' अभियान के बाद बनने वाली पार्टी 2025 में बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा था कि अगले कुछ महीनों में राजनीतिक दल का गठन किया जाएगा। इससे पहले अप्रैल में, किशोर ने कहा था कि बिहार में एक नई पार्टी के लिए बहुत जगह है क्योंकि लालू प्रसाद यादव या नीतीश कुमार के नेतृत्व में वैचारिक रूप से समान संरचनाओं के लगभग 35 साल के शासन के बाद इसमें ₹अधिकतम सत्ता विरोधी लहर₹ है। उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश के इर्द-गिर्द बनी लगभग ऐसी ही संरचनाएं 35 वर्षों से बनी हुई हैं। उनकी विचारधाराएं कमोबेश एक जैसी हैं।

गंभीर चक्रवात रेमल बंगाल तट की ओर बढ़ रहा

ओडिशा प्रभाव के लिए तैयार, भारी बारिश और तूफान का अलर्ट जारी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा कि बंगाल की खाड़ी में एक कम दबाव प्रणाली गंभीर चक्रवाती तूफान रेमल में तब्दील हो गई है। तूफान के रविवार (26 मई) सुबह बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर टकराने की आशंका है, जिससे भारी बारिश और तेज हवाएं चलेंगी। आईएमडी के अनुसार, चक्रवात रेमल उत्तर की ओर और फिर पूर्व की ओर बढ़ेगा, जो शनिवार सुबह तक पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक गंभीर चक्रवाती तूफान बन जाएगा। इसके बाद यह और तेज हो जाएगा और बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों की ओर बढ़ेगा, शनिवार रात तक सागर द्वीप (भारत) और खेपुपारा (बांग्लादेश) के बीच तट को पार करने की संभावना है। आईएमडी ने पूर्वानुमान लगाया है कि हवा की गति 110-120 किलोमीटर प्रति घंटे (किमी प्रति घंटे) तक पहुंच सकती है, जो लैंडफॉल के समय 135 किमी प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। 26-27 मई को पश्चिम बंगाल और उत्तरी ओडिशा के तटीय जिलों में अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है, 27-28 मई को पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में अत्यधिक भारी वर्षा होने की संभावना है।

बंगाल में भारी बारिश का अलर्ट

भूस्खलन के दौरान तटीय पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश के निचले इलाकों में 1.5 मीटर तक की तूफानी लहर आने का अनुमान है। मौसम कार्यालय ने मछुआरों को 27 मई की सुबह तक उत्तरी बंगाल की खाड़ी से बाहर रहने की चेतावनी दी है। आईएमडी ने पश्चिम बंगाल के दक्षिण और उत्तर 24 परगना के तटीय जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है, जिसमें 26 और 27 मई को 80-90 किमी प्रति घंटे से लेकर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ भारी से बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। कोलकाता, हावड़ा, नादिया और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में 80-90 किमी प्रति घंटे से लेकर 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने के साथ भारी बारिश का अनुमान है। 25 मई को पूर्व मेदिनीपुर में भी भारी बारिश की संभावना है, जो तमलुक और कांति लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव के साथ मेल खाता है। दक्षिण बंगाल के बाकी हिस्सों में भारी बारिश के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे से लेकर 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की उम्मीद है। आईएमडी ने संभावित स्थानीय बाढ़ और प्रभावित क्षेत्रों में कमजोर संरचनाओं, बिजली और संचार लाइनों, सड़कों, फसलों और बगीचों को बड़े नुकसान की चेतावनी दी है। निवासियों को घर के अंदर रहने और असुरक्षित संरचनाओं से बाहर निकलने की सलाह दी गई है।

ओडिशा चक्रवात प्रभाव के लिए तैयार

ओडिशा सरकार ने चार तटीय जिलों - केंद्रपाड़ा, भद्रक, बालासोर और मयूरभंज में अधिकारियों को तूफान के प्रभाव की आशंका के मद्देनजर तैयारी के उपाय करने के लिए सतर्क कर दिया है। मौसम ब्यूरो ने कहा कि इन जिलों में भारी से बहुत भारी बारिश के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। रेमल इस सीजन में बंगाल की खाड़ी में पहला प्री-मॉनसून चक्रवात है।

संक्षेप

संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर की एक युवती शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। युवती के पिता होमगार्ड जवान ने इस मामले में सरोजनीनगर के मुंशी खेड़ा, ट्रांसपोर्ट नगर निवासी राहुल रावत के खिलाफ उसे अगवा कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर इलाके में रहने वाले होमगार्ड जवान के मुताबिक शुक्रवार को वह राजधानी स्थित एक थाने में अपनी ड्यूटी पर था। उसका कहना है कि तभी अपराह्न करीब 2 बजे उसकी पत्नी का उसके पास फोन आया कि मुंशी खेड़ा ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाला राहुल रावत नामक युवक (जिसका मोबाइल नंबर 7318023535 और 6386656672 है) उसकी 19 वर्षीया बेटी से बात करते-करते उसे लेकर लापता हो गया है। यह जानकारी होने के बाद पीड़ित होमगार्ड जवान ने इसकी सूचना सरोजनीनगर थाने में दी। सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर युवती और आरोपी की तलाश कर रही है।

बेसुध होकर सड़क पर गिरा युवक, अस्पताल में मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। किसी काम से घर से आया युवक अचानक बेसुध होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। हरदोई जनपद के कछौना निवासी पंकज शर्मा (25) शनिवार को किसी काम से रहीमाबाद आए थे। दोपहर में वह रहीमाबाद चौराहे पर खड़े थे इस दौरान वह बेसुध होकर वह सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस की मदद से मलिहाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस संबंध में रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

उल्टी दस्त से ग्रस्त अस्पताल में भर्ती 18 महीने की बच्ची की मौत

परिजनों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए किया हंगामा

●पुलिस मौके पर मामले को सुलझाने में जुटी

आशियाना कोतवाली क्षेत्र के उर्मिला अस्पताल का मामला

आरोप अपोलो अस्पताल ने वसूले डेढ़ लाख, उर्मिला अस्पताल में लिए 60 हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। आशियाना थाना क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में उल्टी और दस्त की बीमारी से ग्रस्त बच्ची की शनिवार सुबह मौत हो गई। मौत के बाद अक्रोशित परिजनो ने डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग कर हंगामा करने लगे। अस्पताल प्रबंधन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को शांत कराया। मिली जानकारी के मुताबिक, आशियाना के सेक्टर एच निवासी अमित सोनी अपनी 18महीने की बच्ची धन्वी सोनी को बीते गुरुवार की शाम को उल्टी और दस्त आने पर, आशियाना स्थित उर्मिला अस्पताल में भर्ती कराया था। अस्पताल ने 60 हजार रूपए जमा करा लिए, बच्ची की हालत में सुधार नहीं हो रहा था। शुक्रवार सुबह उर्मिला अस्पताल प्रशासन ने बच्ची की हालत गंभीर बताते हुए उसे अपोलो अस्पताल भेज दिया। लेकिन उसे परिजनों को नहीं दिखाया गया। अपोलो अस्पताल ने सीरियस होने की बात कही और उसे वेंटिलेटर पर रखने के लिए पैसे की मांग की ओर डेढ़ लाख रुपए जमा करने को कहा। जिस पर परिजनों ने रुपए जमा कर दिए। परिजनों का आरोप है कि शनिवार सुबह डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

बच्ची का शव देने को लगवाए चक्कर

परिजनों का आरोप है कि बच्ची के शव देने के लिए अस्पताल प्रबंधन चक्कर लगवाता रहा, और 40 हजार रुपए लेने के बाद शव परिजनों को सौंपा। इसके बाद परिजनों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। पुलिस ने अपोलो अस्पताल से बाहर निकाल दिया। वहीं शव को दफनाने के बाद परिजन निर्मला अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पाकर मौके पर पहुंची आशियाना पुलिस मामले को शांत कराने में लगी हुई है। वही पिता का आरोप है कि बच्ची की मौत शुक्रवार सुबह ही हो गई थी लेकिन अपोलो अस्पताल से सांठ गांठ कर उसे वहां भेज दिया। वहीं आरोप है कि उल्टी दस्त की मरीज के शव को अस्पताल में गले से पेट तक चीरा लगाया गया था जिसका कोई जबाव नहीं दिया। खबर लिखे जाने तक हंगामा जारी था।

पीएसी जवान के बैंक खाते से निकले 31 हजार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, आशियाना क्षेत्र के रमाबाई रैली स्थल पर तैनात पीएसी में कार्यरत जवान के एटीएम कार्ड से हजारो रुपए निकल गए जिसकी जानकारी होने पर सिपाही ने आशियाना थाने पर शिकायत की है पुलिस ने शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है आशियाना थाना प्रभारी छत्रपाल सिंह ने बताया कि अलीगढ 38वीं वाहिनी पीएसी में प्लाटून कमांडर पद पर कार्यरत अखलेश कुमार वर्तमान में आशियाना के रमाबाई में हाउस गार्द ड्यूटी में तैनात है आरोप है कि बीते दो दिन पूर्व उनके बैंक ऑफ बड़ौदा के खाते से एटीएम द्वारा कई बार में कुल 31500 रुपए निकाल लिए गए जिसकी जानकारी उन्हें मोबाईल फोन पर मैसेज आने पर हुआ जिसकी शिकायत पीएसी अधिकारी ने आशियाना थाने पर की है शिकायत पर आशियाना पुलिस द्वारा शुक्रवार को आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है

सोसल मिडिया पर चिकित्सक को ब्लैकमेलिंग करने का मामला हुआ वायरल

●आलाधिकारियों के निर्देश पर स्थानीय पुलिस जाँच में जुटी

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, कृष्णानगर थाना क्षेत्र में एक चिकित्सक को सक्रीय वसूली गिरोह ने देह व्यापर के धंधे में लिप्त होने का आरोप लगा तरह तरह से मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिसकी शिकायत पीड़ित ने स्थानीय थाना कृष्णा नगर से की है वहीं शनिवार सुबह प्रताड़ना का मामला सोसल मिडिया पर वायरल हो गयो जिसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस के आलाधिकारियों ने जाँच कर कार्यवाई के निर्देश जारी किया है कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के बाराबिरवा बरिगंवा में पेशे से चिकित्सक डॉ ब्रजेश सचान अपनी क्लिनिक चलाते है और बिल्डिंग के बेसमेंट में गेस्ट हॉउस बना रखे हैं डॉक्टर का आरोप है कि बीते 21 मई की शाम उनके गैरमौजूदगी में एक महिला और एक व्यक्ति चारपहिया वाहन से उनके गेस्ट हॉउस के कमरों में घुस गए और कमरों का वीडियो बनाना शुरू कर दिए इस दौरान उनके कर्मचारियों को भी अर्दब में लिया जब तक वह अपने क्लिनिक पहुंचे तब तक दोनों लोग जा चुके थे आरोप है कि इस घटना के पश्चात उनके पास विभिन्न नम्बरो से फोन आने लगा और पैसे की मांग की गई जिसपर चिकित्सक ने अगले दिन सुबह थाना कृष्णा नगर पहुँच पुलिस लिखित शिकायत की शनिवार को यह मामला ट्विटर एकाउंट पर वायरल हो गया जिसमे चिकित्सक ने एक वीडियो अपलोड कर पुलिस प्रशासन से मदद की गुहार लगाते हुए कार्यवाई की मांग की है वायरल मामले को लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस से संज्ञान में लेते हुए कृष्णा नगर पुलिस को मामले में जाँच कर कार्यवाई के निर्देश जारी किये है वहीं कृष्णा नगर पुलिस मामले की जाँच में जुटी है

दो किशोरी लापता मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर कोतवाली इलाके के दो आलग आलग स्थानो पर अपने अपने परिजनों संग रहने वाली किशोरी घर से बिना बताये लापता हो गई है। परिजनों ने खोजबीन के बाद स्थानीय थाने में पुलिस से नामजद शिकायत की है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित ओशो नगर भोला खेडा में रहने वाले राकेश पुत्र मेंडी लाल के अनुसार वह अपनी पत्नी व 16 वर्षिय बेटी के साथ उपरोक्त पते पर रहते है। आरोप है कि ग्राम निहालपुर थाना सफीपुर जिला उन्नाव निवासी मुकेश पुत्र लालू भी उसी मकान में किराए पर रहता है और वह शादी शुदा होने के साथ पांच बच्चे का बाप है ? बीते 19 मई की शाम आरोपी मुकेश उनकी पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसकी खोजबीन करने के बाद उन्होंने अनहोनी की आशंका जता स्थानीय थाने में नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र स्थित सहसेवीर मंदिर के पास किराए पर रहने वाली महिला बिन्देश्वरी पत्नी रामेश्वर ने बताया कि वह उक्त मकान में अपनी 16 वर्षिय पुत्री दामिनी सहित परिवार संग किराये पर रहती है। उनकी पुत्री दामिनी को बीते 23 मई की सुबह करीब आठ बजे पडोस में रहने वाला हिमांशू नामक युवक उनकी पुत्री को बहलाफुसलाकर भगा ले गया है। वही लापता किशोरी की माँ का आरोप है कि उक्त युवक ने बेटी से फोन पर बातचीत करने से मना करने पर उनकी बेटी को भगा ले जाने की धमकी दी थी। जिसके चलते उन्होंने बेटी की खोजबीन करने के बाद अनहोनी की आशंका जता पडोसी युवक हिमांशू के खिलाफ नामजद शिकायत की है। पुलिस के अनुसार दोनों लापता किशोरी के परिजनों की शिकायत पर गुमशुदगी की धारा में मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

सरोजनीनगर में अघोषित बिजली कटौती से लोगों का हाल बेहाल

●उपभोक्ताओं की रातों की उड़ी नींदे

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। इस समय पड़ रही भीषण गर्मी में जारी अघोषित विद्युत कटौती से सरोजनीनगर वासी काफी परेशान हैं। आलम यह है कि यहां आए दिन रात में कई कई घंटे बिजली गुल रहना आम बात हो गई है। ऐसे में पंखा कूलर ना चल पाने से जहां लोग पसीना पसीना हो रहे हैं, वहीं रात के समय ठीक से सो नहीं पा रहे हैं। सरोजनीनगर इलाके के नटकुर गांव वासियों की माने तो बिजनौर पावर हाउस से पोषित चंद्रावल फीडर की विद्युत सप्लाई शुक्रवार रात करीब 9 बजे अचानक ठप हो गई, जो करीब 5 घंटे तक चालू नहीं हो सकी। इस दौरान सप्लाई ठप होने से लोगों के पंखा, कूलर आदि सब बंद हो गए और उपभोक्ता सो नहीं पाए। बल्कि वह रात में पसीने से तरबतर रहे। बताते हैं कि चंद्रावल फीडर के जरिए नटकुर, चंद्रावल, सादुल्ला खेड़ा, लक्ष्मण खेड़ा, गोवर्धन खेड़ा, सीआरपीएफ गेट नंबर 3, कमलापुर, अनूप खेड़ा, अलीनगर और ठकुराइन खेड़ा सहित कई अन्य गांवों में सप्लाई होती है। लेकिन उपभोक्ताओं का कहना है कि आए दिन उक्त फीडर की सप्लाई बाधित होती रहती है। इस बीच अगर संबंधित पावर हाउस कर्मियों व अधिकारियों से संपर्क किया जाता है तो वह कोई सही जवाब नहीं देते हैं। उधर इस संबंध में बिजनौर उपखंड अधिकारी अखिलेश भास्कर का कहना है कि रात में इस फीडर का एक फेस गड़बड़ हो गया था। जिसकी वजह से शटडाउन लिया गया था। उनका कहना है कि ज्यादा देर सप्लाई ठप नहीं रही है और अगर इसके बाद भी सप्लाई ठप हुई तो कहीं अन्य जगह कोई फाल्ट आ गया होगा। उसके लिए शटडाउन लिया गया होगा। इसी तरह नादरगंज ओल्ड पावर हाउस से संबंधित हनुमान पुरी गली नंबर 4 में शुक्रवार रात एबीसी वायर जलने से यहां के कई घरों में करीब 11 घंटे तक विद्युत सप्लाई ठप रही। स्थानीय लोगों की माने तो शुक्रवार रात करीब 10 बजे अचानक एबीसी वायर जल गया। इसके बाद पावर हाउस कर्मियों को सूचना दी गई, लेकिन कोई नहीं पहुंचा। कई बार शिकायत करने के बाद शनिवार पूर्वाहन 11 बजे पहुंचे विद्युत कर्मियों ने उसे ठीक किया। तब विद्युत सप्लाई चालू हो सकी। इसकी वजह से यहां के लोग भीषण गर्मी में काफी परेशान रहे। उन्हें शनिवार सुबह बूंद बूंद पानी तक को तरसना पड़ गया। इसी प्रकार गहरु पावर हाउस से संबंधित जयराजपुरी कॉलोनी में मस्जिद के पास शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे एबीसी वायर अचानक जल गया। जिसके कारण करीब 1 घंटे तक यहां की विद्युत सप्लाई ठप रही। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि यहां के एबीसी वायर काफी जर्जर हो चुके हैं, जिन्हें बदला नहीं जा रहा है। इनके कारण आए दिन यहां ऐसी समस्या बनी रहती है। वहीं विभागीय सूत्रों का कहना है की गहरू पावर हाउस में विद्युत कर्मचारियों का टोटा है। जिसके कारण इन समस्याओं को जल्दी नहीं ठीक किया जा पाता है।

हरे वृक्षों पर चल रहा आरा, जिम्मेदारों की मिली भगत का है खेल सारा

●किसने चला दिया इन बेजुबान नीम के हरे पेड़ों पर आरा

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में वन विभाग व पुलिस प्रशासन की मिली भगत से चल रहा है। हरे वृक्षों पर आरा क्योंकि ठेकेदार डाल रहे हैं। जिम्मेदारों को चारा प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष वृक्षारोपण पर करोड़ों रुपए खर्च कर वृक्षारोपण कराया जा रहा हैं। सरकार की योजना को ठेंगा दिखाते हुए लकड़ी माफियाओं द्वारा लगातार प्रतिबंधित पेड़ों को काटकर धराशाई करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

ताजा मामला बंथरा थाना क्षेत्र के सहिजनपुर गांव का प्रकाश में आया है जहां करीब आधा दर्जन से अधिक नीम के हरे पेड़ों को बिना अनुमति के काटकर धराशाई कर दिया गया है। सूत्रों की माने तो वनरक्षक कटान की सूचना पाकर मौके पर पहुंची मौके का निरीक्षण किया। लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब सवाल यह उठता है कि करीब आधा दर्जन से अधिक हरे नीम के पेड़ों की कटान की जानकारी होने के बाद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई जो अपने आप में एक सवाल बन गया है। वनरक्षक का मौके पर पहुंचना और कार्यवाही ना होना संदेह उत्पन्न कर रहा है एक तरफ गर्मी ने जहां दस्तक देना शुरू कर दिया है तो वहीं वन माफिया इस समय हरियाली उजाड़ने पर तुले हुए हैं और उनके ऊपर वन विभाग सहित पुलिस प्रशासन का हाथ है अब देखने वाली बात यह है कि क्या इन पर कार्रवाई होती है या इसी तरह क्षेत्र से हरियाली उजड़ती रहेगी।

गौरव खन्ना को उनके पैरा बैडमिंटन के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु अपूर्वा सम्मान 2024 से नवाजा गया

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। अपूर्वा संस्था व अमृत लाल नागर पुस्तकालय उत्तर रेलवे, लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में अपूर्वा शिखर सम्मान में उपस्थिति गौरव खन्ना को उनके पैरा बैडमिंटन के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान हेतु अपूर्वा सम्मान 2024 से नवाजा गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशांत कुमार, स्टेशन निदेशक उत्तर रेलवे लखनऊ व कार्यक्रम का संचालन संजय मल्होत्रा हमनवा ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर रवि भट्ट मौजूद रहें, डाक्टर सुधा मिश्रा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि गौरव खन्ना जी ने अपने नाम के अनुरूप ही गौरव कीर्तिमान स्थापित किया है, वहीं प्रशांत कुमार ने गौरव खन्ना के कार्यों की सराहना की साथ ही प्रोफेसर रवि भट्ट ने अपूर्वा वा गौरव खन्ना के कार्यों को समाज हेतु एक प्रेरणा स्रोत बताया। इस सम्मान समारोह में गौरव खन्ना ने अपूर्वा व रेल परिवार का आभार व्यक्त किया, अपूर्वा संस्था ने यात्री व कर्मचारियों के हितों में काम करने के लिए प्रशांत कुमार को भी सम्मानित किया। इस सम्मान में गौरव खन्ना अपनी पत्नी के साथ पधारें, अपने संबोधन में पायल सोनी ने रेल कर्मियों के सराहनीय कार्य के लिए, साथ ही संस्था के सराहनीय कार्य के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया, इस कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी सहित वंदना विशेष, अर्चना सिंह, सोमिना बजाज व रेल कर्मी भी मौजूद रहे।

पुलिस ने चोरी के फिराक में खड़े दो चोरों को गिरफ्तार करके भेजा जेल

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर पुलिस ने शनिवार तड़के मुखबिर की सूचना पर इलाके से रोड पर लगी लोहे की रेलिंग चोरी कर ले जाने की फिराक में खड़े दो चोरों को धर दबोचा। पुलिस ने दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी शैलेंद्र गिरी के मुताबिक उप निरीक्षक राजू सागर अपने हमराही उपनिरीक्षक व कांस्टेबल के साथ रात में गस्त कर रहे थे। तभी शुक्रवार तड़के करीब पौने चार बजे उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि दो युवक शहीद पथ के डिवाइडर पर लगी लोहे की रेलिंग चोरी से उखाड़ कर ले जाने के लिए न्यू गुड़ौरा पुल, एयरपोर्ट जाने वाले रास्ते के पास खड़े किसी साधन का इंतजार कर रहे हैं। इस सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने दोनों को लोहे की रेलिंग के साथ मौके से धर दबोचा। पुलिस ने पूछताछ की तो एक ने अपना नाम उन्नाव जिले के असोहा थानान्तर्गत पहासा व वर्तमान में सरोजनीनगर के न्यू गुड़ौरा निवासी रंजीत बताया। जबकि दूसरे ने उन्नाव जिले के मौरावां थानान्तर्गत सरेटा व हाल पता सरोजनीनगर के बाग नंबर- दो, बेहसा निवासी राहुल चौरसिया बताया। सरोजनीनगर थाना प्रभारी के मुताबिक पकड़े गए दोनों चोर बहुत ही शातिर हैं। इसमें से रंजीत के खिलाफ उन्नाव के असोहा थाने में कई मामले दर्ज हैं। जबकि राहुल चौरसिया के खिलाफ बहराइच जिले के विशेश्वरगंज थाने में एक मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस ने दोनों के पास बरामद चोरी की लोहे की रेलिंग कब्जे में लेने के साथ रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

उप कृषि निदेशक ने फसलों का किया निरीक्षण, किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। उप कृषि निदेशक बलराम वर्मा ने शनिवार को मलिहाबाद विकासखंड के ग्राम गोंदा मुअज्जम नगर गांव में किसान राजकुमार मौर्य की फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान किसानों को एकीकृत फसलों की जानकारी देते हुए विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी।

उप कृषि निदेशक बलराम वर्मा ने कहा की अपनाई गई एकीकृत खेती प्रणाली एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि इससे किसान अपनी आय को बढ़ा सकते हैं और प्राकृतिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर सकते हैं। यह प्रणाली न केवल आर्थिक दृष्टि से फायदेमंद है, बल्कि पर्यावरण के लिए भी अनुकूल है। खेत में लगी फसलों का निरीक्षण करते हुए देखा की जैविक खाद, वर्मी कंपोस्ट का उपयोग किया जा रहा है और जल प्रबंधन के तहत उन्नत तरीकों को अपनाया गया है। एकीकृत खेती से न केवल भूमि की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि यह किसानों के लिए स्थायी और समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करती है। उन्होंने अन्य किसानों को भी इस प्रणाली को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इससे एकीकृत खेती के महत्व और लाभों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। इस मौके पर जिले से सलाहकार सुरेश राजपूत, मलिहाबाद सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह, खंड तकनीकी सहायक विमल सिंह समेत कई कृषि अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

लखनऊ में 24 साल के बाद सबसे गर्म रात, आगरा में पारा 45 पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ : उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के कारण ज्यादातर जिलों में दोपहर के समय लोग घरों में हो जा रहे हैं। अब दिन के साथ रात का भी पारा बढ़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों से न्यूनतम तापमान में वृद्धि दर्ज की जा रही है। शनिवार को आगरा का अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शुक्रवार को लखनऊ की रात ने 24 वर्ष का रिकार्ड तोड़ा। यहां न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री वृद्धि के साथ रिकार्ड 31.3 डिग्री पहुंच गया। इसके पहले राजधानी में 18 मई, 2000 को रात का पारा 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ज किया गया था।

एक सप्ताह तक बारिश की कोई उम्मीद नहीं

अगले कुछ दिन न्यूनतम और अधिकतम तापमान में और वृद्धि के पूर्वानुमान हैं। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ और आसपास के जिलों में अभी एक सप्ताह तक बारिश की कोई संभावना नहीं है। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, कई जिलों में लू के साथ गर्म रात का भी अलर्ट जारी किया गया है। रविवार से अगले कुछ दिन पश्चिमी और पूर्वी यूपी में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। इस दौरान दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं पर 25 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी।

थम नहीं रहा गर्मी का प्रकोप

लखनऊ में पिछले चार दिनों से अधिकतम तापमान सामान्य के आसपास था, लेकिन शुक्रवार से पारा फिर चढ़ने लगा। शनिवार को यहां दिन का तापमान 41.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आगरा के अलावा औरया और कानपुर में भी भीषण गर्मी से लोग परेशान रहे। रविवार और सोमवार को बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, जालौन, महोबा, झांसी, ललितपुर और आसपास के इलाकों में भी लू चलने के आसार हैं। वहीं, बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, एटा, औरैया, हमीरपुर और आसपास क्षेत्रों में ऊष्ण रात हो सकती है।

पेट्रोल पंप की बाउंड्री वॉल गिराने के साथ ही मारपीट, जान से मारने की धमकी का आरोप, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। पीजीआई के साउथ सिटी निवासी राकेश कुमार यादव ने बिजनौर के लक्ष्मण खेड़ा में रहने वाले रूप नारायण, अभिषेक कुमार उर्फ प्रिंस, पंकज कुमार, अंकित कुमार, सुनील कुमार और करीब 30 अज्ञात महिलाओं के खिलाफ पेट्रोल पंप की बाउंड्री वॉल गिराने के साथ ही गाली गलौज, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। राकेश के मुताबिक उनकी बिजनौर के लक्ष्मण खेड़ा चंद्रावल स्थित भूमि गाटा संख्या - 543 पर पेट्रोल पंप की बाउंड्री वाल का गुरुवार को निर्माण कराया गया था। आरोप है कि शुक्रवार रात लगभग 2 बजे आरोपियों ने पूरी बाउंड्री वॉल गिरा दी। राकेश का कहना है कि सभी आरोपियों ने शराब के नशे में धुत चौकीदार गया प्रसाद को गाली देने के साथ ही मालिक को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित का कहना है कि शुक्रवार को रूपनारायण अपने साथ करीब 25-30 औरतों को लेकर पहुंचा और बाउंड्री वॉल में तोड़फोड़ करने के साथ ही पीड़ित के मजदूरों को मारा पीटा। फिलहाल राकेश की तहरीर पर बिजनौर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

17 वर्षिय मूकबधिर किशोरी रास्ता भटककर सड़क पर घूमते मिली

पुलिस ने किया परिजनों के सुपुर्द

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। कृष्णा नगर पुलिस ने रास्ता भटककर सडक पर घूमते एक 17 वर्षिय मूकबधिर किशोरी को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शुक्रवार को थाना क्षेत्र स्थित ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित विजय नगर में शुक्रवार को एक 17 वर्षिय मूकबधिर किशोरी मिली थी। जिसे थाना क्षेत्र स्थित लोकबंधु अस्पताल वनस्टाप सेन्टर में दाखिल कर भटकती मिली मूकबधिर किशोरी को तलाश कर उनके सुपुर्द कर दिया गया है। वही मूकबधिर किशोरी को पाकर परिजनों ने कृष्णानगर पुलिस टीम की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

बेखौफ चोरों ने दो दुकानों को बनाया निशाना, लाखों की नकदी की पार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बेखौफ चोरों ने दो दुकानों को निशाना बनाते हुए दुकान का शटर तोड़ते हुए चोरों ने लाखों की नकदी लेकर फरार हो गए सुबह दुकान पहुंचे दुकानदारों ने देखा कि दुकान का शटर टूटा पड़ा है, और गल्ले में रखी लाखों की नगदी गायब थी। पीड़ितों ने थाने पर तहरीर देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। माल थाना क्षेत्र अंतर्गत काकराबाद चौराहे पर स्थित धीरज इलेक्ट्रानिक्स व मोबाइल शॉप व बीज भंडार को निशाना बनाते हुए दोनों दुकानों में रखे लाखों रुपए चोर लेकर रफू चक्कर हो गए। शुक्रवार को रोज की तरह दोनों दुकानदार अपनी अपनी दुकान बंद करके अपने - अपने घर चले गए। सुबह दुकानों का शटर टूटा देख दुकान मालिकों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़ितों ने जिसकी सूचना पुलिस को दी। काकराबाद निवासी धीरज सिंह ने दी गई तहरीर के माध्यम से पुलिस को बताया कि मेरी दुकान का शटर तोड़कर गल्ले में रखे करीब डेढ़ दो लाख रुपए नकदी लेकर चोर फरार हो गए। और पास में करीब सौ मीटर दूरी पर स्थित संतोष रावत के बीज भंडार को भी अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया जहां से भी कुछ नकदी व सामान लेकर फरार हो गए।

इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अज्ञात चोरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश की जा रही है।

संक्षेप

मोटी कमाई के झांसे मे आए पीड़ितों ने जालसाज के घर पर की गाली गलौज

बांगरमऊ, उन्नाव।शेयर बाजार में पैसा इन्वेस्ट कर मोटी कमाई के झांसे में आए करीब आधा सैकड़ा पीड़ितों ने गंजमुरादाबाद में कल अवैध धंधेबाजों के आरा मशीन पर धावा बोल दिया। पीड़ितों द्वारा गाली-गलौज करने के बावजूद जालसाजों का कुनबा घर के अंदर छिपा रहा।गौरतलब है कि कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला तालाब निवासी अनवारुद्दीन उर्फ राजू और उसके भाई तथा पुत्रों द्वारा क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों को शेयर बाजार के नाम पर पंद्रह से बीस फीसदी ब्याज देने का झांसा देकर करीब पांच सौ करोड़ रुपए हड़पा जा चुका है। इस सनसनीखेज मामले में अभी तक तीन पीड़ितों द्वारा जालसाज परिवार के खिलाफ रिपोर्टें कोतवाली बांगरमऊ में दर्ज कराई जा चुकी हैं। जबकि तमाम पीड़ितों का दबंग जालसाजों के दरवाजे पर दस्तक देकर अपनी - अपनी रकम मांगने का सिलसिला जारी है।सूत्रों के अनुसार कल शुक्रवार को करीब एक दर्जन दुपहिया और चौपहिया वाहनों से करीब आधा सैकड़ा पीड़ितों ने जालसाजों के आवास और आरा मशीन को घेर लिया। सभी पीड़ित जालसाज अनवारुद्दीन उर्फ राजू और उसके पारिवारिक सदस्यों को घर के बाहर निकलने और पैसा वापस करने के बाबत बात करने के लिए आवाज लगाते रहे।किंतु कोई भी सदस्य घर के बाहर नहीं निकला। तब तक गंजमुरादाबाद चौकी पुलिस मौके पर जा पहुंची और गाली गलौज कर रहे पीड़ितों को समझा-बुझाकर उन्हें वापस कर दिया।

पीएनसी के ठेकेदारों ने मानक से अधिक किसानों की जमीन से खोद डाली मिट्टी

पुरवा, उन्नाव। एक्सप्रेस-वे के निर्माण कार्य में पीएनसी के ठेकेदारों ने किसानों से मिट्टी खरीदी थी।किसानों का आरोप है कि मानक से ज्यादा ठेकेदारों ने मिट्टी खोद ली और पैसा मांगने पर वह पेमेंट नहीं कर रहे हैं। कई बार शिकायत की लेकिन, कोई सुनवाई नहीं हुई। परेशान किसानों ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।पुरवा तहसील क्षेत्र के तूरीछविनाथ खेड़ा गांव के रहने वाले किसान सीता पत्नी शिव शरण समेत अन्य आसपास के खेतिहर भूमिहार डीएम के कार्यालय पहुँचे। उन्होंने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उनके खेतों के आसपास के एक्सप्रेस-वे का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसमें मिट्टी की आवश्यकता है। पूर्व में पीएनसी कंपनी के ठेकेदारों द्वारा मिट्टी बेचने को लेकर सौदा हुआ। जिसमें तय हुआ था कि 2 फीट गहरी मिट्टी खोदेंगे और उसका पैसा देंगे, लेकिन मिट्टी के ठेकेदारों ने रात के अंधेरे में उनके खेतों से मानक से अधिक मिट्टी खोदकर उसे तालाब बना दिया। सुबह जब किसानों ने अपने खेतों पर जाकर देखा तो इस बात की ठेकेदार से शिकायत की। लेकिन उन्होंने कोई सटीक जवाब नहींदिया।डीएम से की शिकायतजब किसानों ने पैसा मांगा तो पैसे भी नहीं दिए। कई बार इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आधा दर्जन से अधिक किसान डीएम दफ्तर पहुंचे और उन्होंने इसकी लिखित शिकायत की है और न्याय की गुहार लगाई है। किसान राम सुमेर ने बताया कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिलेगा तो वह लखनऊ तक जाएंगे।

सड़क के किनारे नीचे लटका है 11 हजार का विद्युत प्रवाहित तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। सुमेरपुर तिराहे जिस पर एन एच हाइवे ने चौराहा का बोर्ड लगा रखा है जबकि वास्तव में नेशनल हाइवे से एक मात्र बक्सर मार्ग जुड़ता है जिससे वह हमेशा से तिराहा ही जाना जाता रहा है ।

उसी सुमेरपुर तिराहे पर बाबू जयशंकर गयाप्रसाद महाविद्यालय व तिराहे के मध्य सड़क के किनारे से गयी 11 हजार की हाई टेंशन लाइन के तार इतना नीचे झूल रहे कि उन्हें आसानी से हाथों से छूया जा सकता है। इस सड़क से ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के अलावा सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन होता रहता है। विद्युत विभाग के आलाधिकारी इसी मार्ग से गुजरते हैं जिनका ध्यान अभी तक नहीं गया है। गौरतलब बात ये है इसी झूलते हुए बिजली के तार के पोल से आगामी दिनों में संचालित होने वाला ग्राम न्यायालय का भी कनेक्शन किया गया है। इन झूलते हुए तारो की जमीन से ऊँचाई लगभग 5-6 फीट ही है।रोड के दूसरी तरफ करीब 50 मीटर दूर खेतो में भी झूलते हुए तारो का यही हाल है। इन खेतो के किसान अपने खेतों की जुताई ट्रैक्टर से नही करा सकते। ग्रामवासियों में अनिल सिंह, नितिन बाजपेयी,सुखदीन ,दीपू आदि ने बताया बिजली विभाग के अधिकारियों को कई बार किसी बड़े हादसे के प्रति आगाह किया गया परन्तु कोई कार्यवाही नही की गई। पाटन-देवाखेड़ा के जेई अम्बर सिंह से जब इस बावत पूछा गया तो उन्होंने पोल न होने का रोना रो दिया ।गाँव वालों का कहना है खए अम्बर सिंह द्वारा कोई कार्यवाही न कर यह कह दिया जाता है कि लाइनमैन नारायण को बताओ।इस तरह बिजली विभाग द्वारा मामले को एक दूसरे के ऊपर डाल कर किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा।

मामूली से विवाद में चाचा ने भतीजे के पेट में मारी चाकू , हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। संविदा विद्युत कर्मी शुक्रवार की देर रात ड्यूटी करने के बाद घर लौटा और उसने अपने चाचा से गाली गलौज शुरू कर दी।इस बात का चाचा ने विरोध किया और आवेश में भतीजे के पेट में चाकू मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।पुलिस ने अस्पताल में भर्ती करा दिया।हालात गम्भीर होने पर डॉक्टर ने कानपुर रेफर कर दिया।पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। असोहा थाना क्षेत्र के गोरेन्दा निवासी संतोष पुत्र राम आसरे पाठकपुर पावर हाउस में संविदा कर्मचारी है। देर रात वह नशे की हालत में अपने घर पहुंचा। घर पहुंचने के बाद वह गाली गलौज कर रहा था। इसी दौरान उसके चाचा शीतला प्रसाद ने इस बात का विरोध किया तो नशे में धुत संतोष नहीं माना। जिसके बाद आवेश में आकर चाचा शीतला प्रसाद ने भतीजे संतोष के पेट में चाकू मार दी। चाकू लगते ही वह चिल्लाने लगा। इस दौरान लोग दौड़े और उसे असोहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। साथ ही घटना की जानकारी पुलिस को दी।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार किया और हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में डॉक्टर ने उपचार किया और बेहतर उपचार के लिए कानपुर के हैलेट अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना प्रभारी राम औतार ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

गायत्री ज्ञान मंदिर का ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत में 411वाँ युगऋषि वांड़मय की स्थापना

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। ज्ञान से व्यक्तियों का कल्याण होता है इसलिए ज्ञान यज्ञ ही युगधर्म है।....उमानंद शर्मा। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी एण्ड साइंसेज, गोयल कैम्पस, अयोध्या रोड़ लखनऊ के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 411वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्त्री कैलाश यादव ने अपने प्रिय जीवनसाथी स्व. डॉ. वी.एस. यादव की स्मृति में तथा उपस्थित चिकित्सकगण एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वा0य स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है। ऊषा सिंह एवं कैलाश यादव एवं विनायक शुक्ला ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान के निदेशक डॉ. ओ.पी. वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया।इस अवसर पर उमानंद शर्मा, देवेन्द्र सिंह, ऊषा सिंह कैलाश यादव, विवेक कुमार विनायक शुक्ला एवं संस्थान के निदेशक डॉ. ओ.पी. वर्मा, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

ट्रांसफार्मर का उड़ा जंपर, 15 घंटे बाद चालू हुई विद्युत आपूर्ति

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज के कंचन नगर मोहल्ले में फीडर एक का जंपर उड़ गया। जिसे जोड़ने के लिये विभाग ने पंद्रह घंटे लगा दिए। भीषण गर्मी में बिजली न आने से उपभोक्ता परेशान हो गए। वहीं ऋषि नगर का ट्रांसफार्मर फुंकने से दस घंटे तक सैकड़ों घरों की बिजली गुल रही।मगरवारा गोकुल बाबा सबस्टेशन से संचालित हो रहे फीडर एक के कंचन नगर मोहल्ले में एचटी लाइन का जंपर उड़ गया। इसके कारण 630 केवीए ट्रांसफार्मर की सप्लाई बंद हो गई। क्षेत्रीय लोगों ने बिजली न आने की जानकारी लाइनमैन से लेकर जेई और अन्य अधिकारियों को दी, लेकिन रात में जंपर नहीं जोड़ा गया।हजारों परिवार गर्मी में रात छत पर गुजारने को मजबूर रहे। कई बार अधिकारियों के फोन धनधनाये गये, तो कही जंपर जोड़ कर 600 से अधिक घरों में बिजली सप्लाई चालू की गई।

वहीं ऋषि नगर में ओवरलोड के कारण 400 केवीए टांसफार्मर खराब हो गया। इसके कारण सैकड़ों घरों में सप्लाई बंद रही।नगर के ऋषि नगर मोहल्ले में एबीसी केबिल डालने का काम किया जा रहा है। क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद करने के बाद कार्य कराया गया। इस दौरान विभाग के अधिकारियों ने कार्य का जायजा लिया। वहीं बिजली न आने से उपभोक्ता परेशान रहे। ऋषि नगर में 100 केवीए और 250 केवीए ट्रांसफार्मर की आपूर्ति बंद की गई।

इसके बाद कार्यदायी संस्था ने क्षेत्र में जर्जर तार हटाकर नई एबीसी केबिल डालने का काम किया। कार्य के दौरान जेई विष्णु शुक्ला, अक्षय तिवारी निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान मौजूद कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। दोनों ट्रांसफार्मरों से बिजली सप्लाई चालू की जा सकी।

लगभग छह घंटा बिजली न आने से हजारों लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

डॉक्टर से परामर्श लेना है जरूरी

यह है आंखों को एलर्जी से बचाने के उपाय

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आंखों में खुजली होना, आंखों का लालपन होना, बार-बार पानी आना, आंखों में जलन, कीचड आ रहा है तो तुरंत नेत्र चिकित्सक से सलाह लेकर दवा कराये। क्योंकि यह संक्रामण तेजी से फैलता है।

आंखों में सूजन के साथ जलन और खुजली हो रही हो तो काला चश्मा पहना, ठंडे पानी से आंख धोना, बर्फ से सिकाई करना, साफ कपड़े से आंख साफ करे। बिना डॉक्टर के सलाह के कोई भी आई ड्राप न डाले।

लकड़ी चोरी के आरोप में दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के अकवारा गांव में गुरुवार शाम दो पक्षों में जमकर लाठी. डंडे व कुल्हाड़ी चली थी जिसमे दोनो पक्षों से करीब एक दर्जन लोग घायल हुए थे । दोनो पक्षों की तहरीर व जांच उपरांत थाना बिहार पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

थाना क्षेत्र के अकवारा गाँव निवासी मोहित कुमार पुत्र राजेश कुमार ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसका लकड़ी का टाल है जिसमें लकड़ी के बेचने का काम होता है।22/05/2024 की रात लगभग दो बजे 1 कुंटल लकड़ी चोरी हो गयी पता किया तो पता चला कि गाँव के ही पूती पुत्र जगदीश ले गए है जब हम उनके घर पूछने गए तो उसके साथ सीताराम पुत्र जगदीश, पंकज, श्याम सुंदर, अर्पित उर्फ छात्रपाल पुत्र राजू सभी लोगो ने मिलकर मार पीट चालू कर दी गाली गालोज करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मामला सुलझाने के लिए हमारे घर वाले अमित सूरज व अशोक पुत्र सुखराम व हमारा भतीजा अंकित पुत्र संतोष ये सब लोग जब पहुंचे उपरोक्त सभी लोग लाठी डंडा कुल्हाड़ी लेकर हमला कर के लहू लूहान कर दिया प्रार्थी के विकलांग भाई अमित का मोबाइल व मेरी माँ का मंगल सूत्र वही पर गिर गया । जबकि दूसरे पक्ष पंकज कुमार पासी पुत्र राजू निवासी ग्राम अकवारा ने प्रथम पक्ष के खिलाफ तहरीर देकर बताया था कि मोहित पुत्र राजेश पासी, अशोक पुत्र सुखराम पासी सूरज पुत्र सुखराम पासी, मोनू पुत्र श्री केशन पासी यह लोग दिनांक 23.5.2024 को समय लगभग 2 बजे दिन में मेरे दरवाजे पर आये कहा कि तुम लोग मेरे यहाँ लकड़ी क्यो नहीं लेते हो तो इसी बात को लेकर विपक्षीगणों को लेकर विपक्षीगणों की लकड़ी चोरी करने का सन्देह हुआ इसी बात को लेकर विपक्षीगणों ने हम सभी लोगो को पंकज कुमार पासी व सन्जय पासी व श्याम सुन्दर, सीताराम पासी, पुत्ती पासी मेरे घर की औरतो को व हम सभी लोगो को घर के अन्दर घुसकर लाठी, डन्डा व लोहे की राड़ व हसिया से मारा पीटा जिससे प्रार्थिगण के काफी चोटे आयी है। और जान से मारने की धमकी दी।और दुकान में तोड़ फोड़ किया व सामान फेंका गया।

थाना प्रभारी शिव प्रकाश पांडेय ने बताया दोनो पक्षो की तहरीर प्राप्त हुई है। दोनो पक्षो के मेडिकल उपरांत सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

कंजक्टिवाइटिस से पीड़ित मरीज पहुंच रहे अस्पताल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। गर्मी पड़ने से बच्चों व बुजुर्गों में आंखों में संक्रमण तेजी से फैल रहा है। बच्चों की आंखे लाल होने के साथ ही आंखों से पानी आने की शिकायत आ रही है। अस्पतालों में ओपीडी के दौरान तमाम आंखों से संबंधित मरीज पहुंच रहे हैं। नेत्र परीक्षक ने उनका परीक्षण करते हुए बचाव के तरीके बताते हुए दवाएं दी है।

गर्मी के कारण आई कंजक्टिवाइटिस और आंखों में एलर्जी तेजी से बढ़ रही है। जिससे हर वर्ग के लोगों में अचानक आंखों में सूजन के साथ जलन और खुजली हो रही हैं। बच्चों में यह तेंजी से फैल रहा है। वहीं धूप में निकलने वाले लोगों की भी आंखे लाल हो रही हैं। गर्मी के चलते लगभग आठ से दस दिन के बीच अचानक कंजक्टिवाइटिस के मरीज बढ़ गये। यह वॉयरस काफी प्रभावी बताया जा रहा है। सरकारी अस्पतालों में आखों की बीमारी के चलते मरीजों की लाइन लग रही है। इस दौरान गंगाघाट पीएचसी में मौजूद नेत्र रोग परीक्षक डॉ. ऋतु ओमर ने उनका परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन आंख से पीड़ित करीब चालीस से पचास मरीज प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे हैं। जहां सभी को दवाइयां देने के साथ ही आधुनिक मशीनों से परीक्षण किया जा रहा। उन्होंने बताया कि मरीज के उपयोग किये कपड़ों आदि का प्रयोग नहीं करना चाहिए और आंखों में जलन, खुजली आदि लक्षण होने पर फौरन नेत्र चिकित्सक से संपर्क करे।

देवरिया में अनियंत्रित बाईक पेड़ से टकराई

एक युवक की मौत, तीन घायल, मेडिकल कॉलेज में हो रहा इलाज

अमन लेखनी समाचार

देवरिया, देवरिया जिले के खामपार थाना क्षेत्र में बाईक सवार युवकों की बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इसमें बाईक पर सवार चार युवक बुरी तरह घायल हो गए। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस बुलाकर बनकटा पीएचसी पहुंचाया। जहां एक युवक की मौत हो गई। शेष तीन घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने स्थिति गम्भीर देखकर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जिले के श्रीरामपुर थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी चार युवक शनिवार को दोपहर में एक ही बाईक पर सवार होकर बखरी बाजार जा रहे थे। अभी खामपार थाना क्षेत्र के परसिया छितनी सिंह गांव से टड़वा गांव मोड़ के निकट पहुंचे थे कि बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस दुर्घटना में बाईक चला रहे बृजलाल चौहान पुत्र बच्चा चौहान की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पंकज चौबे (25 वर्ष) पुत्र सुगंध चौबे रितेश चौबे (17 वर्ष) पुत्र बलराम चौबे, सनी चौबे (13 वर्ष) पुत्र देवेंद्र चौबे बुरी तरह घायल हो गए। सभी घायलों को बनकटा पीएचसी ले जाया गया।

चोरी की 11 मोटरसाईकिल के साथ दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। रूपईडीहा पुलिस ने मोटरसाइकिल चोर गिरोह का पदार्फाश किया है। इस दौरान चोरी की गई 11 मोटरसाइकिलें बरामद की गई है। गिरोह के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। रुपईडीहा थाना प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शुक्रवार को वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिल कुमार यादव व चौकी इंचार्ज बाबागंज उप निरीक्षक राम गोविंद वर्मा की टीम द्वारा नानपारा रूपईडीहा मार्ग पर केवलपुर नहर पुलिया के पास वाहनों की चेकिंग दौरान एक मोटरसाइकिल यूपी 78 जी जे 2633 अपाची आरटीआर 160 सीसी के नंबर प्लेट पर अंकित रजिस्टर नंबर को ई चालान एप से चेक किया गया तो उक्त गाड़ी चोरी की पाई गई। मोटरसाइकिल पर बैठे दोनों व्यक्तियों से पूछताछ से ज्ञात हुआ कि उक्त दोनों व्यक्ति थाना स्थानीय के हिस्ट्रीशीटर है।अभियुक्तगण के निशानदेही पर अभियुक्त मोहम्मद रियाज के लहरपुरवा गांव में स्थित बंद पड़े मकान के हाते में पड़े टीन सेट के नीचे त्रिपाल से ढकी हुई मोटरसाइकिलों को त्रिपाल हटाकर देखा गया तो 10 भिन्न-भिन्न कंपनियों की मोटरसाइकिल बरामद हुई। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान रियाज पुत्र नजीर अहमद निवासी चकिया रोड कस्बा रूपईडीहा जिला बहराइच व अब्दुल सलाम पुत्र जलील अहमद निवासी सीतापुरवा थाना रूपईडीहा जनपद बहराइच के रूप में हुई है। चोरी की मोटरसाइकिल बरामदगी के आधार पर पकड़े गए व्यक्तियों को हिरासत में लेते हुए संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर माननीय सदर न्यायालय बहराइच रवाना किया गया।

मतगणना के लिए आयोग द्वारा नामित किये गये प्रेक्षक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की मतगणना हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक नामित कर दिये गये हैं। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 282-बलहा (अ.जा.), 283-नानपारा, 284-मटेरा तथा 286-बहराइच के लिए आई.ए.एस. अधिकारी अनिल राज राय को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी का मोबाइल नम्बर 9717279623 है। इसी प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) अन्तर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 285-महसी तथा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-57 कैसरगंज (आंशिक) अन्तर्गत 287-पयागपुर व 288-कैसरगंज के लिए एस.सी.एस. सुश्री रूपश्री के. को प्रेक्षक नामित किया गया है। प्रेक्षक के लाईजनिंग आफिसर सहायक अभियन्ता, उ.प्र. लघु उद्योग निर्माण नि.लि. चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी का मोबाइल नम्बर 9450531248 व सिंचाई निर्माण मण्डल, कल्पीपारा बहराइच श्रीमती विजय लक्ष्मी अम्बेडकर का मोबाइल नम्बर 9305381719 है।

लो वोल्टेज की समस्या से जूझ रहे उपभोक्ता

अमन लेखनी समाचार/मो. कौसर

रूपईडीहा, बहराइच। नगर पंचायत रूपईडीहा में लो वोल्टेज विद्युत आपूर्ति ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। नगर का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं है, जो इस संकट से न जूझ रहा हो। हालत यह है कि बिजली आपूर्ति रहने के दौरान भी उसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल पा रहा है। इससे न सिर्फ घरेलू उपभोक्ता जूझ रहे हैं। वरन विभिन्न प्रतिष्ठानों पर भी गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। उपभोक्ताओं के अनुसार लो वोल्टेज के चलते बिजली रहने पर भी अकसर कोई भी उपकरण नहीं चल पाते तो वहीं पंखा व कूलर इतने धीरे चलते हैं कि उससे पर्याप्त हवा नहीं मिल पा रही है। मोटर आदि न चल पाने के कारण पेयजल का संकट अलग से गहरा रहा है। रिकॉर्ड विद्युत कटौती व व्यवधान के बीच लो वोल्टेज का संकट उपभोक्ताओं को दोहरी चोट पहुंचा रहा है। उपभोक्ताओं ने लगातार कटौती व लो वोल्टेज की स्थिति पर कड़ी नाराजगी व्याप्त है। लोगो ने कहा कि यदि जल्द ही उपकेंद्र की मरम्मत कराकर ट्रांसफार्मरों की क्षमता न बढ़ाई गई तो वे नगर पंचायत कार्यालय में बने विद्युत कार्यालय के निकट जाकर प्रदर्शन करेंगे। नगर पंचायत रूपईडीहा के उपभोक्ता विद्युत आपूर्ति के जबरदस्त संकट से घिरे हुए हैं। प्रतिदिन घंटों की बिजली कटौती व व्यवधान के दौर से उपभोक्ताओं को जूझना पड़ रहा है। कई सालों से भीषण गर्मी में हालात ऐसे हो जाते हैं कि सहाबा उपकेंद्र से रूपईडीहा फीडर को पर्याप्त वोल्टेज नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते संबंधित उपभोक्ता वोल्टेज से वंचित रह जाते हैं। वोल्टेज का संकट इतना ज्यादा है कि दिन हो या रात किसी भी समय कूलर व पंखे अपनी क्षमता के अनुरूप नहीं चल पा रहे हैं। ऐसे में बिजली रहने के बाद भी इन उपकरणों का लाभ उपभोक्ताओं को नहीं मिल रहा है। इसके कारण न तो घरों में लगे इनवर्टर चार्ज हो रहे और न ही विद्युत उपकरणों का लाभ मिल पा रहा है। भीषण गर्मी में मुश्किलें और भी बढ़ गई हैं। उपभोक्ताओं ने कहा कि इस ओर उच्चाधिकारियों को तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। स्थानीय विभागीय अधिकारियों का इस तरफ ध्यान न देने का खामियाजा ही उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि अब हालत अत्यंत खराब है। यदि जल्द ही सुधार न हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ेगा। उपभोक्ताओं के अनुसार इसमें डीएम को ज्ञापन देने से लेकर नगर पंचायत कार्यालय में बने विद्युत कार्यालय के निकट प्रदर्शन तक की योजना शामिल है।

बिजली रहने पर भी चलाना पड़ता है जेनरेटर

नगर के वरिष्ठ व्यापारी ने बताया कि लो वोल्टेज विद्युत आपूर्ति ने पिछले कई दिनों से परेशान कर रखा है। बिजली रहने के बाद भी जेनरेटर चलाने की विवशता बनी रहती है। स्थानीय बीजेपी नेता भीमसेन मिश्र ने कहा कि गर्मी के चलते हाल बेहाल है। अनियमित कटौती के साथ-साथ वोल्टेज इतना कम रहता है कि दिन व रात मिलाकर बमुश्किल पंखे से हवा मिल पाती है। व्यापार मंडल के महामंत्री संजय कुमार वर्मा ने लो वोल्टेज संकट के लिए विद्युत विभाग के मनमाने रवैये को जिम्मेदार ठहराया। कहा कि ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने से लेकर उपकेंद्र की मरम्मत करने में विभाग की रुचि नहीं रह गई है। इसी का खामियाजा उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है।

सम्पादकीय

चुनाव प्रचार में भाषा संयम एवं शब्दों की मर्यादा जरूरी

लोकसभा चुनाव के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। अभी 25 मई और एक जून को दो चरणों में मतदान शेष है। अभी तक का चुनाव न केवल बेहतर रहा, बल्कि चुनाव आयोग के प्रयासों से शांतिपूर्वक भी हुआ, लेकिन अब तक के चुनाव में एक चीज की कमी खली वो है, वो है प्रचार के दौरान राजनीतिक मर्यादा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कई नेताओं की जुबान फिसलती जा रही है, वे राजनीति से इतर नेताओं की निजी जिंदगियों तक में तांक-झांक वाले, धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ऐसे बाण छोड़ रहे हैं, जो न सिर्फ़ आपत्तिजनक हैं, बल्कि लोकतंत्र के लिए घातक भी हैं। ऐसा नहीं है कि इन सब पर चुनाव आयोग मौन है। आयोग एक के बाद एक नोटिस जारी कर रहा है, लेकिन नेताओं पर इसका खास असर होता नहीं दिखता। बड़ा सवाल है कि एक ऊर्जावान एवं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में क्या वाकई अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल औचित्यपूर्ण है? एक तरफ गर्मी की चुभन है, तो दूसरी तरफ राजनीतिक हलकों में भाषायी अभद्रता एवं उच्छृंखलता घाव पर नमक छिड़क रही है। नेताओं को यह बात समझनी चाहिए कि सही तरीके से बोले गए शब्दों में लोगों को जोड़ने की ताकत होती है, जबकि गलत भाषा एवं बोल का इस्तेमाल राजनीतिक धरातल को कमजोर करता है, लेकिन कोई समझने को तैयार नजर नहीं आता। नेताओं के बयान शालीनता एवं मर्यादा की सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राहुल गांधी की 'शक्ति के खिलाफ लड़ाई' संबंधी टिप्पणी 'शक्ति से जुड़े धार्मिक मूल्यों का अपमान करने और कुछ धार्मिक समुदाय' के तुष्टीकरण के लिए धर्मों के बीच शत्रुता पैदा करने के 'दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाती है। प्रारंभ में लालूप्रसाद यादव का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर परिवार विषयक आरोप हैरान करने वाला था। कांग्रेस नेता सुप्रिया श्रीनेत ने कंगना रनौत को लेकर किए पोस्ट में एक्ट्रेस की फोटो के साथ भद्दा कमेंट महिला-शक्ति का अपमान नहीं तो और क्या था। कभी वो समय था जब देश की राजनीति में संयमित भाषा एवं अनुशासित बोल राजनीति के महत्वपूर्ण अंग थे। कहा जाता था कि लोकतंत्र में उसी नेता का बोल-बाला होता है, जिसकी भाषा एवं वचनों पर पकड़ मजबूत होती है। धीरे धीरे राजनीति में बदलाव आता गया, उसी प्रकार राजनेताओं की भाषा और आरोप-प्रत्यारोप की शैली भी बदलती गई। आज 'पप्पू' शहजादा, शहंशाह, चोर जैसे शब्द हमारी राजनीति में घुस चुके हैं। क्या राजनीति में मर्यादा नाम का कोई शब्द बचा है? ऐसी अभद्र भाषा का उपयोग करने से पहले हमारे ये राजनेता जरा भी नहीं सोचते कि उसका उनकी पार्टी पर क्या प्रभाव पड़ सकता है। राजनीति में स्तरहीन, हल्की बातें कहने का चलन काफी समय से है, लेकिन बीते दो दशकों में यह वीभत्स रूप धारण कर चुका है। उस समय जब राम मनोहर लोहिया ने इंदिरा गांधी को गूंगी गुड़िया कहा था तो काफी विवाद हुआ और बड़ी तादाद में लोगों ने लोहिया का विरोध किया। कांग्रेस के अध्यक्ष खड़गे भी काफी कुछ बोल चुके हैं और उनका पीएम मोदी के लिए रावण वाला बयान काफी चर्चा में रहा है। मतदाताओं को आकर्षित एवं अपने पक्ष में करने के फेर में राजनीति को रसातल में धकेलने की मानो होड़ मची हुई है। चुनाव आयोग ने एक बार फिर बुधवार को चुनाव आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को नोटिस जारी करके भाषणों में मर्यादा बनाए रखने के लिए कहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल इसे गंभीरता से लेंगे और सियासत में धीरे-धीरे प्रवेश कर रही गंदगी साफ हो जाएगी।

राजनीति

उमेश चतुर्वेदी

वादों के बाद अब दावों का दौर

> महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी का अपना मत है। बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं।

आम चुनाव की मतगणना की उलटी गिनती शुरू हो चुकी है। महज दो चरणों में 115 सीटों पर ही चुनाव बाकी है। इस वजह से प्रचार अभियान में स्वाभाविक रूप से कमी आ रही है। प्रचार के दौरान राजनीतिक दल वोटरों को लुभाने के लिए उनके सामने वादों की झड़ी लगा रहे थे, लेकिन अब दावों का दौर तेज हो गया है। विपक्षी दलों के प्रमुख नेताओं ने ऐलान करना शुरू कर दिया है कि मोदी सरकार जाने वाली है। बीजेपी की घटती सीटों को लेकर राहुल गांधी का अपना दावा है, तो ममता बनर्जी का अपना अनुमान। शरद पवार भी अनुमान लगा रहे हैं, तो अखिलेश और तेजस्वी अपने हिसाब से बीजेपी की सीटें घटा रहे हैं। दिलचस्प यह है कि इस पूरे कोलाहल के बीच बीजेपी की सीटें घटने का दावा करने वाले किसी भी दल के पास इसका कोई ठोस आंकड़ा नहीं है कि वे कितनी सीटें जीत रहे हैं, लेकिन इन सबके बीच बीजेपी का नेतृत्व अपने ढंग से अपनी सीटें बढ़ाने की कोशिशों में जुटा हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनाव प्रचार के आखिरी दिन यानी तीस मई तक रैली का कार्यक्रम है तो अमित शाह आखिरी दौर तक अपनी सीट बढ़ाने की कोशिश में प्राणपण से लगे हुए हैं।

सबसे पहले दावों की ही बात कर लेते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी अपनी रैलियों में अरसा पहले से दावा कर रहे हैं कि बीजेपी इस बार 180 सीटों पर सिमटने जा रही है। हालांकि उनके ही अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे बीजेपी को दो सौ सीटों के नीचे सिमटाने का दावा कर रहे हैं। पश्चिम बंगाल में अलग, किंतु राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया गठबंधन के साथ बीजेपी का विरोध कर रही ममता बनर्जी का दावा है कि बीजेपी को इस बार 220 तक सीटें मिल रही हैं। अखिलेश यादव का तो दावा है कि बीजेपी को उत्तर प्रदेश में एक भी सीट नहीं मिलने जा रही है। तेजस्वी यादव कह रहे हैं कि बीजेपी को इस बार सरकार बनाने लायक बहुमत नहीं मिलेगा। केजरीवाल भी ऐसा ही कह रहे हैं। बीजेपी को सिमटाने का दावा करने वाले नेताओं की पार्टियों का हाल देखना जरूरी है। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस इतिहास में सबसे कम यानी 322 सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, जिनमें से दो सीटों पर से उसके उम्मीदवार मैदान खाली कर चुके हैं। सूरत से बीजेपी का प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो चुका है तो इंदौर से कांग्रेस का उम्मीदवार चुनाव मैदान छोड़ भागा है। चुनावी माहौल की सनसनी बने केजरीवाल की पार्टी महज 22 सीटों पर मैदान में है। बीजेपी को सिमटाने वाले दल भी दस, बीस, तीस, चालीस या पचास सीटों पर चुनाव लड़ रहे हैं। अव्वल तो यह है कि विपक्षी दलों के नेताओं ने जिस तरह चुनाव अभियान चलाया है, उसके संकेत साफ हैं। वे बीजेपी को हराने नहीं, बल्कि मोदी को कमजोर करने और बीजेपी की सीटें घटाने को लेकर लड़ रहे थे। यह सच है कि उन्होंने बीजेपी की बढ़त को कम से कम चुनावी चर्चाओं में सीमित करने और इंडिया गठबंधन की चमकती-सी तसवीर बनाने की कोशिश जरूर की है। ऐसे में सवाल उठना लाजिमी है कि चुनावी जमीन की क्या यही हकीकत है? सोशल मीडिया के वर्चस्व के दौर में चुनाव और राजनीति ऐसे विषय हो गए हैं, जिनमें

कोलाहली चर्चाओं को ही सच मान लिया जाता है। कुछ ऐसा ही हाल मौजूदा चुनाव और विपक्षी दलों के दावों का भी है। सोशल मीडिया के मंचों पर ज्यादा वक्त गुजारने वाले लोगों की नजर में विपक्षी दलों के इन दावों में दम भी नजर आता है, लेकिन इन दावों की पड़ताल भी जरूरी है। 2014 और 2019 के आम चुनावों में उत्तर भारत और पश्चिम भारत में बीजेपी का कांग्रेस से सीधा मुकाबला हुआ है। पिछले आम चुनाव के आमने-सामने के मुकाबले में बीजेपी ने 92 प्रतिशत सीटों पर कांग्रेस को मात दी है। राहुल गांधी के दावों में दम तब नजर आएगा, जब यह मान लिया जाए कि कांग्रेस की स्थिति में पिछली बार की तुलना बदलाव आ गया है? सवाल है कि यूपी, बिहार और झारखंड जैसे बड़े राज्यों, जहां से 134 सीटें आती हैं, वहां बीजेपी के मुकाबले कितनी सीटों पर कांग्रेस चुनाव लड़ रही है?

अखिलेश यादव खुद 63 सीटों पर लड़ रहे हैं। उत्तर प्रदेश में उनकी पार्टी कांग्रेस के साथ आकर बीजेपी को कितनी चोट पहुंचाने की स्थिति मे है? मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, हिमाचल, उत्तराखंड, लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, तेलंगाना, गोवा और गुजरात की 149 सीटों पर कांग्रेस और बीजेपी का सीधा मुकाबला है। सवाल यह है कि इन सीटों पर क्या कांग्रेस बीजेपी के मुकाबले भारी पड़ रही है? अगर इस सवाल का जवाब हां में है तो तय है कि बीजेपी को लेकर किए जा रहे दावों में दम है। कांग्रेस के मुकाबले बीजेपी ने 115 ज्यादा यानी 437 उम्मीदवार चुनाव मैदान में उतारे हैं। पश्चिम बंगाल में बीजेपी का मुकाबला जहां तृणमूल कांग्रेस से मुकाबला कर रही है। वहीं उड़ीसा में वह बीजू जनता दल के सामने है। पूर्वोत्तर भारत के राज्य असम में भी बीजेपी का कांग्रेस से ही मुकाबला है, वहां भी बीजेपी की स्थिति बेहतर बताई जा रही है। वैसे पिछले दो चुनावों में आमने-सामने के मुकाबलों में बीजेपी ने कांग्रेस को मात ही दी है। ऐसे में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या कांग्रेस को लेकर लोगों का मन एकदम बदल चुका है। संसद सत्र के आखिरी दिन अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने अबकी बार चार सौ पार का नारा दिया। तीन चरणों के चुनाव तक उन्होंने चार सौ पार का नारा खूब दोहराया। इस नारे के जरिए उन्होंने मौजूदा चुनाव का एक नैरेटिव सेट कर दिया। मोटे तौर पर देश के मतदाताओं में इन दिनों सबसे ज्यादा सवाल यह पूछा जा रहा है कि बीजेपी का चार सौ पार के नारे का क्या होगा? कहना न होगा कि विपक्ष मोदी के बनाए इस चक्रव्यूह में फंस गया। कांग्रेस के पास अभी 52 सांसद हैं। तो क्या कांग्रेस यह मान रही है कि उसकी सीटें दोगुनी से ज्यादा बढ़ने जा रही हैं। अगर ऐसा हो भी रहा, तो कांग्रेस कहां जीत रही है। उसके ज्यादातर उम्मीदवार तो उसी बीजेपी के सामने मैदान में हैं, जो उस पर अब भी भारी नजर आ रही है। केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश जैसे कुछ राज्य जरूर ऐसे हैं, जहां वह बीजेपी की बजाय उन दलों से मुकाबले में है, जिनके साथ राष्ट्रीय स्तर पर उनका गठबंधन है। ऐसे में सवाल यह है कि कांग्रेस अगर 125 सीटें लाने जा रही है तो निश्चित तौर पर इसमें ज्यादातर भागीदारी उन क्षेत्रों की होगी, जहां वह अपने राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन सहयोगियों के खिलाफ मैदान में हैं। इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस की इतनी सीटें अपने सहयोगियों की कीमत पर आएंगी। अगर ऐसा हुआ तो समर्थक दल सरकार बनाने के जादुई आंकड़े जितनी जरूरी सीटें हासिल कर पाएंगे?

मतदाता का फैसला ईवीएम में बंद हो चुका है। चार जून को असल तसवीर सामने आ जाएगी। तब तक दावे करने में हर्ज ही क्या है? किसके दावे में दम है और किसका दावा खोखला है, उसका खुलासा तो चुनाव नतीजे कर ही देंगे। फिर हम मीडिया के वर्चस्ववादी दौर में हैं, जिसे चर्चा के लिए रोजाना मसले चाहिए ही। आम जनता भी सहज रूप से अपने सामूहिक फैसले को जानने को उत्सुक है, जिसकी जिज्ञासा को शांत करने के लिए भी ये दावे जरूरी हैं।

विशेष

डॉ. हरीन्द्र मोहन शुक्ला

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का जीवन दर्शन

बुद्ध एक नाम नहीं है, बुद्ध का अर्थ है जागृत और अनंत ज्ञानी व्यक्ति। ध्यानस्थ और आत्मस्थ होकर स्वयं के प्रयासों से प्राप्त ज्ञान। बौद्ध धर्म भारत की श्रमण परंपरा से निकला धर्म और दर्शन है। यह दर्शन श्रम द्वारा मोक्ष प्राप्ति के मार्ग को मानता है, और इसके लिए जीवन में ईश्वर की नहीं, श्रम की आवश्यकता की पक्षधर है। वहीं, वैदिक ब्रम्ह को ही मोक्ष का आधार मानता है। 563 ईसा पूर्व वैशाख पूर्णिमा 8 अप्रैल को नेपाल के लुम्बिनी में इक्ष्वाकु वंशीय क्षत्रिय शाक्य कुल के राजा शुद्धोदन की पत्नी कोल वंशीय महामाया ने अपने कोख से एक दैदीप्यमान नक्षत्र को जन्म दिया और सात दिन बाद ही दुधमुंहे नवजात शिशु सिद्धार्थ को अपनी बहन गौतमी के गोद में छोड़कर परलोक सिधार गई। माता द्वारा दिया नाम सिद्धार्थ और धात्री गौतमी के कारण ही वे राजकुमार सिद्धार्थ गौतम कहलाए। सिद्धार्थ अत्यंत ज्ञानवान, पराक्रमी और सभी विद्या में निष्णात थे, लेकिन बाल्यकाल से ही इनका मन करूणा और दया से आप्लावित रहता था। यशोधरा से विवाह और पुत्र राहुल के जन्म होने तक राजकुमार सिद्धार्थ के जीवन में कई घटनाएं उनके मानस पटल को झकझोरते रहें, जिसमें वृद्ध विकलांग, दुखी रोगी, पार्थिव देह, मृतक परिजनों का क्रंदन एवं विलाप आदि देखकर सिद्धार्थ व्यथित एवं द्रवित हो जाते थे। एक दिन उन्हें संसार की सभी भावनाओं और कामनाओं से मुक्त प्रसन्नचित्त, निश्छल और निश्चिंत सन्यासी दिखें। फिर तो उन्हें उनका परिवार, पत्नी, पुत्र, कपिलवस्तु राज्य का वैभव, भोग विलासिता के संसाधन कोई नहीं रोक सका, वे सब कुछ त्याग कर जीवन में दुःख के कारण और दिव्य सत्य की खोज में निकल गये। यही महाभिनिष्क्रमण कहलाता है। दुःख, जरा, मरण, हिंसा, सिद्धार्थ के मन को व्याकुल करता था। व्याकुल मन शनैः शनैः निर्मयत्व और शांतिपूर्ण समाश्रय के लिए चिंतन-मनन

में रम गया। भूखे-प्यासे रहकर कई वर्षों की कठिन साधना के बाद भी उनके प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला, तब उन्हें 'अतिसर्वत्रवर्जयेत' का भान हुआ, फिर उन्होंने अपनी साधना में अत्यधिक दुरूहता के स्थान पर मध्यममार्ग को अपनाया। 35 वर्ष की आयु में उन्हें बिहार के बोधगया के महाबोधि मंदिर के एक पीपल वृक्ष के नीचे ध्यानस्थ एवं आत्यस्थ समाधि की अवस्था में ज्ञान प्राप्त हुआ। इसी पीपल वृक्ष को 'महाबोधिवृक्ष' कहते है। इस पवित्र महाबोधि वृक्ष को देखने प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक एवं श्रद्धालु आते हैं। देहरादून के वन अनुसंधान के वैज्ञानिक महाबोधिवृक्ष का नियमित जांच करते हैं। अभी तक महाबोधि वृक्ष पूर्णतः स्वस्थ है। इसके लिए इस पर समय-समय में रासायनिक दवा का छिड़काव तथा लेप लगाया जाता है। जन्म, जरा, दुःख, रोग और मृत्यु से जुड़े प्रश्नों के उत्तर उन्हें दया, करूणा, मैत्री एवं अहिंसा में मिला। प्राणिमात्र के सर्वबाधा एवं दुःख का कारण और निवारण का मार्ग खोजते-खोजते उन्हें बुद्धत्व की प्राप्ति हुई और सिद्धार्थ गौतम 'गौतम बुद्ध' हो गए। कहा जाता है कि सात सप्ताहों तक उन्होंने मुक्ति की स्वच्छन्दता और शांति का आनंद लिया। जन्म-मृत्यु-दुःख के चक्र से निकलने के लिये मोक्ष के मार्ग को बताने के लिये उन्होंने अपने मित्रों को अपना पहला धर्मोपदेष सारनाथ में दिया, जो वाराणसी के पास है, यहीं से बौद्ध धर्म का प्रसार प्रारंभ हुआ।

भगवान बुद्ध के महत्वपूर्ण उपदेश -ऐसे तो भगवान बुद्ध का संपूर्ण जीवन ही उपदेश है, किन्तु कुछ प्रमुख आख्यान जो उनके उपदेशों के अंश हैं, वे हैं:- 1. मनुष्य को भूतकाल में उलझनें एवं भविष्य के सपने बुनने के स्थान पर अपने वर्तमान पर ही केन्द्रित होना चाहिए। भूत-भविष्य के फेर से निकलकर वर्तमान की राह ही खुशियों का मार्ग हैं। 2. मनुष्य के क्रोध से किसी और का नहीं वरन स्वयं मनुष्य का ही नुकसान होता है। 3.संदेह या शक एक बीमारी है, जे लोगों के आपसी रिश्तों पर विपरीत प्रभाव डालता है। 4. जीवन में कितने भी युद्धों में विजय प्राप्त कर लें लेकिन जब तक स्वयं पर विजय प्राप्त नहीं कर लेता तब तक सभी जीत व्यर्थ है। 5. बुराई को बुराई से कभी समाप्त नहीं किया जा सकता, इसलिये बुराई को समाप्त करने के लिये प्रेम का सहारा लेना चाहिये। 6. अपनी खुशियों को दूसरों के साथ बांटने से वह बढ़ती है, जिस प्रकार एक जलता हुआ दीपक हजार दीपक जलाकर प्रकाश फैला सकता है, लेकिन उस पहले दीपक के प्रकाश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। 7. सत्य के रास्ते पर चलने वाले व्यक्ति से केवल दो ही गलती हो सकती है। पहला वह पूरा रास्ता तय नहीं करता, दूसरा वह शुरुआत ही नहीं करता। 8. लक्ष्य को प्राप्त करने से भी अच्छा है उसे पाने के लिए की गई यात्रा अच्छी हो। 9. सूर्य, चन्द्रमा, और सत्य को कभी नहीं छुपाया जा सकता। अपने इन उपदेशों से भगवान बुद्ध एवं उनके अनुयायी और भिक्षुओं ने समाज की विपदाताओं, नैतिक अवमूल्यन, अनाचार, अधर्म, अतिवादको दूर कर एक संतुलित समाज की स्थापना का कार्य किया।समाज को मध्यम मार्ग अपनाने के लिए कहाँ, दुःख के कारण बताएं और दुःख निवारणार्थ आश्टांगिक मार्ग बताया।

प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो

संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

दूसरों की भलाई करने वालों का स्थान सबसे ऊंचा

संकलित

प्रेरणा

कन्फ्यूशियस चीन के एक दार्शनिक थे। उनका जन्म करीब 551 ईसा वर्ष पूर्व हुआ था। कन्फ्यूशियस इतने विद्वान थे कि उनके पास कई राजा-महाराज भी मिलने पहुंचे थे। एक बार चीन के राजा ने कन्फ्यूशियस से पूछा था कि आप मुझे किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में बताएं, जिसका स्थान सबसे ऊंचा है। कन्फ्यूशियस ने राजा से कहा कि वह इंसान आप खुद ही हैं, क्योंकि आप हमेशा सत्य जानना चाहते हैं। राजा ने कहा कि आप तो मुझे मुझसे भी अच्छे व्यक्ति के बारे में बताइए। कन्फ्यूशियस ने तुरंत कहा कि आपसे अच्छा व्यक्ति तो मैं ही हूं, क्योंकि मैं भी आपकी तरह ही सत्य को जानना चाहता हूं। राजा बोला कि आपसे भी अच्छा और कौन है? इसके बाद कन्फ्यूशियस ने कहा कि मैं ऐसे एक व्यक्ति को जानता हूं, जो हम दोनों से भी महान है। चलिए, मैं आपको उससे मिलवाता हूं। कन्फ्यूशियस राजा को लेकर एक बूढ़े के पास पहुंचे। वह बूढ़ा व्यक्ति कुआं खोद रहा था। कन्फ्यूशियस ने कहा कि महाराज, ये व्यक्ति सबसे महान है, उसका स्थान हम सबसे बहुत ऊंचा है, क्योंकि ये दूसरों को पानी मिल सके, इसलिए कुआं खोद रहा है। ये दूसरों की भलाई के लिए अपनी सुख-सुविधा का भी त्याग कर देता है। इसका शरीर बूढ़ा हो गया है, लेकिन अभी भी ये दूसरों के लिए सेवा का काम कर रहा है। इसलिए इसका स्थान सबसे ऊंचा है।

अंतर्मन



आज की पाती

सूखे से बचना है तो पेड़ बचाओ, पौधे लगाओ

जिंबाब्वे इस समय सूखे की समस्या से जूझ रहा है। इस कारण वहां कृषि भी बहुत प्रभावित हुई है और आर्थिक व्यवस्था पर भी बुरा असर पड़ रहा है। जिम्बाब्वे की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र ने दूसरे देशों से हाथ बढ़ाने की गुजारिश की है। सूखा पड़ने का एक कारण जो सबसे बड़ा माना जाता है, वो है प्रकृति से छेड़छाड़ और वनों तथा वृक्षों की अंधाधुंध कटाई। अगर दुनियाभर में वृक्षों की निरंतर कटाई होती रही, तो वो दिन दूर नहीं है जब जिंबाब्वे जैसे हालात दुनियाभर में हो जाएंगे, क्योंकि वृक्षों की कमी से बारिश कम होगी और अगर बारिश कम होगी तो सूखा पड़ेगा। हमारे देश में भी वृक्षों की कटाई हो रही है और प्रकृति के विरुद्ध काम हो रहे हैं, जो कि सूखे का कारण भी बन सकते हैं। *- निरंजन विश्वकर्मा, अंबिकापुर*

ट्रेंड

गाजा में स्थिति भयावह

गाजा में स्थिति भयावह बनी हुई है। अब पहले से कहीं अधिक जरूरत युद्धविराम और पट्टी में सहायता पहुंचाने की है। उत्तरी गाजा में कमल अदवान अस्पताल पर आज कथित तौर पर चार बार हमला किया गया, जिससे गहन देखभाल इकाई, रिसेशन, प्रशासन और छत क्षतिग्रस्त हो गई।

-डॉ टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

स्वयं को खोना होगा

अपने जीवन में कुछ सार्थक खोजने के लिए, आपको स्वयं को खोना होगा। समस्या जीवन से नहीं है. समस्या यह है कि आपने अपने दिमाग पर नियंत्रण नहीं रखा है

-सद्गुरु, आध्यात्मिक गुरु

विश्व धरोहर घोषित किया था

कल इनके प्रवक्ता ने कहा प्रभु जगन्नाथ मोदी के भक्त हैं। आज अमित शाह कह रहे हैं कोणार्क का सूर्य मंदिर मोदी के कारण फेमस हुआ। 1984 में ही कोणार्क मंदिर को यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर घोषित किया गया था।

-सुप्रिया श्रीनेत, कांग्रेस नेता

15 सीटों का नुक़सान

चुनाव के पांचवे चरण में कई वीआईपी सीटें भी थीं। इस राउंड में 49 सीटें हैं जिनमें इस बार बीजेपी को लगभग 15 सीटों का नुक़सान होने का अनुमान है।

-योगेंद्र यादव, राजनीतिक विश्लेषक

करंट अफेयर

भारतीय मूल के खगोलविद कुलकर्णी होंगे सम्मानित

अमेरिका में भारतीय मूल के प्रोफेसर और खगोल वैज्ञानिक श्रीनिवास आर .कुलकर्णी को खगोल विज्ञान के लिए प्रतिष्ठित शॉ पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें मिलीसेकंड पल्सर, गामा-किरण विस्फोट, सुपरनोवा और अन्य परिवर्तनशील या क्षणिक खगोलीय पिंडों के बारे में उनकी अभूतपूर्व खोजों के लिए दिया जाएगा है। कुलकर्णी कैलिफोर्निया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भौतिकी, गणित और खगोल विज्ञान विभाग के जॉर्ज एलेरी हेल खगोल विज्ञान और ग्रह विज्ञान के प्रोफेसर हैं।

ऑफ बीट

बुरे सपने ऑटोइम्यून बीमारी आने के हो सकते हैं संकेत

बुरे ख्वाब अप्रिय होते हैं, लेकिन अधिकांश लोगों के लिए बिल्कुल सामान्य होते हैं। हालाँकि, मैंने और मेरे सहकर्मियों ने हाल ही में पाया है कि यह बुरे सपने ल्यूपस जैसी ऑटोइम्यून बीमारियों के आने का संकेत भी हो सकते हैं। द लैंसेट के ईक्लिनिकलमेडिसिन जर्नल में प्रकाशित हमारे अध्ययन ने ऑटोइम्यून बीमारी के विकसित होने के संभावित शुरुआती चेतावनी संकेतों का पता लगाया। हमने ल्यूपस के 676 रोगियों और 400 डॉक्टरों का सर्वेक्षण किया और 100 से अधिक गहन साक्षात्कार किए। हमने मरीजों से अनुभव होने वाले न्यूरोलॉजिकल और मानसिक स्वास्थ्य लक्षणों के बारे में पूछा, और उनकी बीमारी पहली बार कब शुरू हुई,

संक्षेप

23 साल से फरार इनामी अयोध्या में पकड़ा गया

अमन लेखनी समाचार

अयोध्या, अयोध्या से मध्य प्रदेश पुलिस का 50 हजार का ईनामी अपराधी किशोर उर्फ किस्सू तिवारी को पकड़ कर मध्य प्रदेश पुलिस को सौंप दिया गया।यह 23 साल से फरार था और इसने हरिद्वार में अपना आश्रम बना रखा है।यह 3 दिन पहले अयोध्या आया था। रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन के बाद यह अयोध्या से रवाना होने से पहले 21 मई को टेढ़ीबाजार चौराहे से पकड़ लिया गया। मध्य प्रदेश के कटनी के एडीजे पंचम की न्यायालय से इसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। इसी वारंट के आधार पर थाना रामजन्मभूमि के प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने किस्सू को पकड़ कर उसे मध्य प्रदेश पुलिस को सौंप दिया।पकड़े जाने के समय उसके साथ उसकी तीन बालिग लड़कियां भी थीं जिन्हें वह रामलला का दर्शन कराने लेकर आया हुआ था। थाना रामजन्मभूमि के प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि किस्सू तिवारी पर अपहरण और उसके बाद हत्या कर लाश को ठिकाने लगा देने का मुकदमा कटनी में दर्ज है।इसके अलावा उसने अपनी बहन की हत्या का बदला लेने के लिए करीब छह हत्याएं की है।जिसका मुकदमा मध्य प्रदेश में दर्ज है। वह राजस्थान में सहित कई अन्य प्रदेशों में भी ठिकाने बनाकर रह रहा था। किस्सू तिवारी मध्यप्रदेश पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। थाना रामजन्मभूमि के प्रभारी देवेंद्र पांडेय ने बताया कि पकड़े जाने के बाद अयोध्या के एसएसपी राजकरण नैय्यर को पूरे प्रकरण की जानकारी दी गई।किस्सू तिवारी को जिले की सीमा सहादतगंज तक स्कोर्ट कर छोड़ा गया।

अमरोहा में वलीमा के बाद दूल्हा गायब

अमन लेखनी समाचार

हसनपुर, अमरोहा के थाना सैद नगली क्षेत्र के कस्बा उझारी में दूल्हा दावत ए वलीमा के बाद देर रात गायब हो गया।जिससे परिवार में कोहराम मच गया। वहीं दुल्हन दूल्हे का इंतजार कर रही है।परिजनों ने दूल्हे की गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बता दे कि पूरा मामला सैदनंगली थाना क्षेत्र के कस्बा उझारी के मोहल्ला दर्जियान का है। यहां उमर दराज उर्फ हाजी कल्लन के 31 वर्षीय बेटे सलमान की शादी सोमवार को उझारी के मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी युवती के साथ हुई थी। धूमधाम से शादी संपन्न हुई। इसके बाद मंगलवार को दावत ए वलीमा हुआ।देर रात तक मेहमान विदा हुए। वहीं,दुल्हन लाल जोड़े में दूल्हे का इंतजार कर रही थी।परंतु दूल्हा अपनी बाइक लेकर घर से निकल गया।जब काफी देर तक वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई।दुल्हन भी दूल्हे का इंतजार करती रही। परिजनों के द्वारा दूल्हे को रिश्तेदारियों में तलाश किया गया। परंतु उसका कोई सुराग नहीं लगा।इसके बाद थाने पहुंचे दूल्हे के पिता उमर दराज उर्फ हाजी कल्लन ने पुलिस को बेटे की गुमशुदगी की तहरीर दी है। वहीं,पुलिस तहरीर लेने के बाद दूल्हे की तलाश में जुट गई है।

व्यक्ति में निःस्वार्थ सेवाभाव होना आज के समाज की जरूरतः सैय्यद शुऐब

कैसरगंज के मदनी इंटर कॉलेज मे आयोजित की गयी शैक्षिक जागरूकता गोष्ठी

अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच।एसोशियसन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल के तत्वाधान में मदनी इण्टर कालेज कैसरगंज बहराइच में शनिवार को एक गोष्ठी शैक्षिक जागरूकता के विषय पर आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता कॉलेज के प्रबन्धक हाजी रईस अहमद कासमी ने और संचालन प्राचार्य डा. अरशद रईश नदवी ने की। गोष्ठी के मुख्य अतिथि सैय्यद शुऐब पूर्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड लखनऊ जबकि विशिष्ठ अतिथि डा. अब्दुल अहद रहे। गोष्ठी की शुरूआत कारी इसरार अहमद ने कुरान की तिलावत से किया। गोष्ठी से सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि सैय्यद शुऐब ने कहा कि इस एसोशियसन की शुरूआत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के द्वारा हुई थी। एसोशियसन की स्थापना का मकसद था कि वो बच्चे जिनके पिता की आर्थिक स्थिति ठीक न होने की वजह से उच्च शिक्षा प्राप्त नही कर पाते हैं उनमें हमारी संस्था के जरिये जागरूकता पैदा करके उन्हें उच्च शिक्षा से जोड़ते हुए उनका भविष्य उज्जवल बनाना है। विशिष्ठ अतिथि डा. अहद ने कहा कि जिस तरह हम अपने पैसे की जकात देते है उसी तरह हमें अपने वक्त की जकात निकालनी होगी और अपनी सोसायटी में कैसे बदलाव ला सकते है इसको भी सोचना होगा। तभी समाज तरक्की करेगा। गोष्ठी का संचालन कर रहे डा. अरशद रईश नदवी ने कहा कि जिन विषयों के द्वारा हम आगे बढ़ सकते हैं एवं बच्चा तरक्की कर सकता है। उसी दिशा में एसोशियसन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल निःस्वार्थ काम कर रही है जिसकी जितनी सराहना की जाये उतनी ही कम है। इनके अलावा गोष्ठी को मौलाना सलाउद्दीन, नदीम सिद्दीकी, डा. नजमुज्जमा, मौलाना अहमद अली नदवी आदि ने भी सम्बोधित किया।

बहराइचः मतगणना तैयारियों के सम्बन्ध में सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ डीएम ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु कृषि उत्पादन मण्डी समिति परिसर सलारपुर, बहराइच में 04 जून 2024 को सम्पन्न होने वाली मतगणना को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सहायक रिटर्निंग आफिसर्स के साथ आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने निर्देश दिया कि गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए मतगणना पण्डाल में गणना कार्मिकों के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध सुनिश्चित किये जाएं ताकि मतो की गणना के दौरान कार्मिकों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाये। डीएम ने एआरओ का आहवान किया कि मतदान की भांति मतगणना कार्य को भी बखूबी सम्पन्न करायें। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में लगे अधिकारी कर्मचारी पूरी तरह से तटस्थ रहते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों के अनुसार अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करेंगे।

मतगणना कार्य में रगे सभी अधिकारी व कार्मिक कोई ऐसा कार्य या आचरण नहीं करेंगे जिससे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता प्रभावित हो।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव कुमार सिसोदिया, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के ए.आर.ओ./एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा, नानपारा के अश्वनी पाण्डेय, मटेरा के राम दयाल, महसी के अखिलेश कुमार सिंह, पयागपुर के दिनेश कुमार, कैसरगंज के पंकज दीक्षित, बलहा के संजय कुमार, डिप्टी कलेक्टर ज्योति चौरसिया व राकेश कुमार मौर्या, डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीआईओ एनआईसी योगेश यादव, ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर सुमित तिवारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

एआरपी सुनील की बाल कविताओं का प्रसारण कल

एआरपी सुनील को खंड शिक्षा अधिकारी सहित हित मित्रों ने दी बधाई।

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। विकास क्षेत्र नवाबगंज में कार्यरत अकादमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) सुनील कुमार की बाल कविताओं का प्रसारण रविवार 26 मई को आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र से किया जाएगा।

सुनील कुमार ने बताया कि आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र से प्रसारित बच्चों के लोकप्रिय कार्यक्रम बाल मंच/ बाल गोपाल में उनकी रचनाओं विद्यार्थी जीवन, मोबाइल जेनरेशन, हरियाली, नशा नाश की जड़, जल जीवन आदि का प्रसारण रविवार की दोपहर 12 बजे से किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उनकी रचनाओं की रिकॉर्डिंग आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र द्वारा की गई है। गौरतलब है कि साहित्यिक कार्यक्रमों में विशेष रुचि रखने वाले युवा साहित्यकार सुनील कुमार के अब तक 4 एकल तथा 40 साझा काव्य संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। साथ ही साथ राज्य एवं राष्ट्र स्तरीय पत्र पत्रिकाओं में कई लेख व रचनाएं प्रकाशित हो चुकी हैं। सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा, एआरपी विपिन सिंह, निर्मल शुक्ला, राकेश मौर्य तथा शिक्षक विनोद गिरि, अरविंद वर्मा,जितेंद्र शर्मा, वैभव सिंह बिसेन, संतोष मिश्रा, नंदकिशोर वर्मा, प्रदीप त्रिपाठी,अभय सिंह, नीरज जैन, प्रमोद कुमार, विजय सरोज, आलोक कुमार आदि हित मित्रों ने बधाई दी है।

सिद्धार्थनगर में आजाद समाज पार्टी ने की जनसभा

स्वामी प्रसाद मौर्य व चंद्रशेखर ने की शिरकत, कहा- दलित पिछड़ों को केवल वोट बैंक की तरह किया गया इस्तेमाल

अमन लेखनी समाचार

सिद्धार्थनगर, सिद्धार्थनगर जिला मुख्यालय पर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के समर्थन में चुनावी रैली का आयोजन किया गया।इस आयोजन में पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य व आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने शिरकत की। इनको सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोगों की भारी भीड़ जनपद मुख्यालय के एक निजी ग्राउंड पर जुटी। इस बीच भारी भीड़ को देखकर आजाद समाज पार्टी के उम्मीदवार पूर्व विधायक अमर सिंह चौधरी और उनके समर्थक भी जोश से भरे दिखे। जनसभा में जुटी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने एनडीए और इंडिया गठबंधन पर जमकर हमला बोला और लोगों से सरकार बदलने की अपील की। वहीं मंच से अपने संबोधन में आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर ने कहा कि दलित पिछड़ों को अब तक हर पार्टियों ने सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया है, अब मौका आ गया है कि हम सभी अपने हक की लड़ाई खुद लड़े। दोनों ही नेताओं ने आजाद समाज पार्टी उम्मीदवार अमर सिंह चौधरी को वोट देकर भारी मतों से जीताने की अपील की। मीडिया से बात करते हुए चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि यहां वन मैन शो नहीं है कि एक व्यक्ति के नाम पर चुनाव हो। जनता जिसको सही समझेगी वोट देगी। यहां जनता चौधरी अमर सिंह को वोट देगी। अगर जरूरत पड़ी जो वे कभी भी भाजपा के साथ नही जाएंगे। राजनीति से सन्यास ले लेंगे लेकिन भाजपा के पाले में कभी नही जाएंगे। संविधान बचाने को लेकर उन्होंने कहा कि आज इसी नीले पट्टे वालों की देन है कि भाजपा भी अब संविधान से छेड़छाड़ करने से मुकर रही है।

मुरादाबाद बिजली कटौती से लोग परेशान

कांठ रोड की कालोनियों में हर आधे घंटे पर कट रही; ओवरलोडिंग से हांफ रहे ट्रांसफार्मर

अमन लेखनी समाचार

मुरादाबाद, 44 डिग्री पारे के बीच मुरादाबाद में बेतहाशा बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। सबसे ज्यादा खराब स्थिति कांठ रोड की कालोनियों की है। यहां हर आधे घंटे पर बिजली ट्रिपिंग की समस्या है। शहर के बाकी हिस्सों में भी हालात कमोबेश इसी तरह के हैं। बुध बाजार और उससे सटे मोहल्लों में भी स्मार्ट सिटी के काम के नाम पर लंबे-लंबे शट डाउन लिए जा रहे हैं। इस इलाके में कभी केबल फाल्ट तो कभी शट डाउन की वजह से पूरी-पूरी रात बिजली गायब रह रही है। लोगों की शिकायत ये है कि जब वो बिजली भगाने पर स्थानीय बिजलीघर में फोन करके इसकी वजह जानना चाहते हैं तो बिजली विभाग के कर्मचारी और अधिकारी उनकी फोन कॉल्स रिसीव नहीं करते। कांठ रोड पर स्थित नवीन नगर, अवंतिका कॉलोनी रामगंगा विहार, आशियाना कॉलोनी, नया गांव में सुबह 7 बजे से बिजली हर आधे घंटे बाद आती जाती रही।सुबह से शाम तक बिजली कर्मचारी हीट होते ट्रांसफार्मर से लाइन को ट्रांसफर करने में लगे रहे।

चुनाव ड्यूटी के लिए अमेठी पुलिस रवाना

श्रावस्ती और महराजगंज भेजी गईं 14 टीमें, एसपी ने वाहनों को दिखाई हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार

अमेठी जिला, अमेठी में लोकसभा चुनाव समाप्त होने के बाद अमेठी पुलिस की 14 टीमें आज पुलिस लाइन से महराजगंज और श्रावस्ती के लिए रवाना हो गई। ये सभी टीमें दूसरे जिलों में लोकसभा चुनाव को सम्पन्न करवाएंगी। आज अमेठी एसपी ने पुलिस लाइन से सभी पुलिस पार्टियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिले के सभी पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। दरअसल, 20 मई को पांचवे चरण में अमेठी में मतदान सम्पन्न हो चुका है। जिले में आई दूसरे जिलों की पुलिस टीम भी अपने जिलों के लिये रवाना हो चुकी है। ऐसे में जिले में मतदान प्रक्रिया समाप्त होने के बाद अमेठी पुलिस अब दूसरे जिलों में चुनाव सम्पन्न कराने के लिए रवाना हो रही है। आज अमेठी एसपी अनूप कुमार सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन अमेठी में लोकसभा चुनाव 2024 के लिए नामित पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के महत्वपूर्ण दिशा निदेर्शों के संबंध में जानकारी दी गयी और सतर्कतापूर्वक व निष्पक्ष होकर ड्यूटी करने के संबंध में महत्वपूर्ण आवश्यक निर्देश देकर ब्रीफ किया गया।

ब्रीफिंग के बाद लोकसभा चुनाव के लिए जनपद श्रावस्ती, महाराजगंज के लिये आवंटित पुलिस बल की कुल 14 पुलिस पार्टियों को पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन/गौरीगंज मयंक द्विवेदी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन राजेन्द्र कुमार समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे ।

हीट वेव के चलते ओपीडी में मरीजों की संख्या बढ़ी

घर से बाहर निकलने पर बरते सावधानियां

अमन लेखनी समाचार

भीषण गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। हीट वेव धूप में बाहर निकलने वालों के लिए बीमारी का कारण बन रहा है। इस समय दस्त की शिकायत से लोग सबसे ज्यादा परेशान है। जिला चिकित्सालय की ओपीडी में आने वाले मरीजों में सबसे ज्यादा दस्त से संबंधित मरीज रहते हैं। भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या में भी कमी नहीं आ रही है। जिला चिकित्सालय में तैनात फिजिशियन रोजाना औसतन 120 मरीज देखते हैं। जिसमें 60 से 65 % दस्त की शिकायत के मरीज है। रोजाना करीब 25 से 30 मरीज उल्टी व दस्त से परेशान आते हैं। शिकायत के उल्टी व दस्त से बीमार होने वालों की बढ़ी संख्या के कारण ओपीडी के बाद मरीज लगातार इमरजेंसी में आते रहते है। जिससे हर समय इमरजेंसी भरी सी दिखाई देती है। गर्मी सबसे ज्यादा परेशान बच्चों को कर रही है। अस्पताल में आने वाले बीमार बच्चों की संख्या काफी बढ़ गयी है। बड़ी संख्या में बच्चे भर्ती भी हो रहे हैं। इलाज के लिए पर्चे बनाने वालों की लंबी लाइन लग रही है। राम नगरी के श्री राम चिकित्सालय में तैनात डॉ. अनुपम मिश्रा ने बताया इस समय दस्त के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसका सबसे बड़ा कारण लोगों का खान-पान है। दूषित जल पीने की वजह से लोगों में बीमारी सबसे ज्यादा फैल रही है। स्वच्छ पानी का ही उपयोग करें। अगर पानी में दिक्कत नजर आ रही है व परिवार के लोग दस्त से पीड़ित है। तो पानी को उबालने के बाद उसे ठंडा करके पियें।

बासी भोजन व सब्जी से परहेज करें। बच्चों को घर का हल्का भोजन कराएं। गर्मी की वजह से बीमार होने वालों की संख्या बढ़ी है। अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों को उचित इलाज मिल रहा है। दवाएं पर्याप्त मात्रा में मौजूद है।

पानी की समस्या से जूझ रहे लोग

10 दिन से नहीं हो रही वाटर सप्लाई, एक हैंडपंप के सहारे पूरे गांव के लोग

अमन लेखनी समाचार

बांदा, पानी की समस्या की मार बुंदेलखंडवासी झेलते हुए चले आ रहे हैं। एक ऐसा ही मामला बांदा मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी में स्थित किलेदार के पुरवा में आज भी लोग बूंद-बूंद पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। गांव में पानी के लिए मात्र एक हैंडपंप ही सहारा है, जिसमें पानी के लिए आए दिन झगड़े होते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि उन्हें इस जल संकट की समस्या से जल्द निजात दिलाई जाए। बांदा मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर की दूरी में स्थित किलेदार के पुरवा में लोग जल संकट से जूझ रहे हैं। गांव में पानी का मात्र एक हैंडपंप ही सहारा है, जिसमें पानी भरने के लिए काफी भीड़ इकट् ?ठा होती है, जिससे आए दिन पानी भरने को लेकर विवाद भी होते हैं। वहीं, जानकारी देते हुए हनीसा खातून ने बताया कि पानी सप्लाई 10 दिनों से नहीं आ रही है। हैंडपंप से पानी भर रहे हैं। गांव में एक हैंडपंप होने से बहुत भीड़ लगती है, जिससे रोज झगड़ा भी होता है।

वहीं, हनीसा ने यह भी बताया कि कई बार वह लोग इस समस्या की शिकायत अधिकारियों से कर चुकी है, लेकिन उनको अभी तक इस समस्या से निजात नहीं मिली है। वहीं, शम्मो ने बताया कि चुनाव आते हैं और नेता हाथ जोड़कर वोट मांगने आते हैं, लेकिन उनकी इस समस्या से निजात कोई नहीं दिला सका है। इसकी वजह से हम कई दिनों से नहाए नहीं हैं और जिसकी घर में नल लगा हुआ है वो पानी नहीं भरने देती है।

महिलाओं में हुई जमकर मारपीट

उधारी के 100 रुपए मांगने पर कहासुनी के बाद मारपीट, बाद में कर लिया समझौता

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें 100 रुपए की बात को लेकर महिलाएं एक दूसरे की पिटाई कर रही हैं। जब वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस एक्शन में आई, लेकिन दोनों पक्षों ने शिकायत के बाद आपसी समझौता कर लिया है। पूरा मामला कोतवाली शहर अन्तर्गत जिला अस्पताल के पास से सामने आया है, जहां पर पुलिस ने बताया कि उधारी का 100 रुपए मांगने के बाद दोनों महिलाओं के बीच लड़ाई शुरू हो गई।इसमें मेडिकल स्टोर मालिक और एक महिला की बीच में कहासुनी हो गई इसके बाद इन देखते देखते महिलाएं बाल पकड़कर खींचने लगे और मारपीट शुरू हो गई। इसके बाद तीसरी महिला ने बाल पकड़कर घसीटा और थप्पड़ भी जड़ दिए। वहीं खड़े व्यक्ति ने वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस एक्शन में आई और वीडियो को संज्ञान में लेते हुए बताया कि प्रकरण में दोनों पक्षों के बीच ?100 के उधारी को लेकर विवाद हुआ था महिला द्वारा प्रार्थना पत्र देखकर बताया गया है कि दोनों पक्षों का मामला का समझौता गया है और किसी प्रकार की कार्रवाई न करने की बात कही है।

डंपर ने मारी ऑटो में टक्कर, ससुर-बहू की मौत

हादसे में आठ लोग घायल, ओवरलोड बालू लेकर जा रहा था डंपर

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में देर रात दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। श्रद्धालुओं से भरी ऑटो में तेज रफ्तार बालू से लदे ओवरलोड डंपर ने जोरदार टक्कर मार दी। ऑटो सवार ससुर और बहू की मौत हो गई। वहीं अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रक चालक मौके से ट्रक छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचा दिया है। बताया जा रहा है कि डंपर एक निवर्तमान सांसद के बेटे का है। मामला नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमूवारा गांव का है। नारायणी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पुंगरी निवासी राजकुमार अपने परिवार के साथ कामतानाथ दर्शन करने गए हुए थे। वहां से लौटते समय देर रात को ओवरलोड डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में पिंटू सहित आठ लोग घायल हो गए। वहीं राजकुमार पुत्र रामगुलाम की मौके पर मौत हो गई। परिवार के अन्य सदस्यों में से पिंटू पुत्र राजकुमार, सीमा पत्नी राजा, गोल्हो पत्नी रज्जन, राखी पुत्री बाबू, देव पुत्र जयप्रकाश, राजकुमारी पत्नी राजकुमार, चित्ररेखा पत्नी राजू और पिंटू की पत्नी समेत 9 लोग घायल हो गए। घायलों को सीएचसी ले जाया गया। यहां सभी की हालत गंभीर होने के चलते बांदा रेफर कर दिया। उपचार के दौरान सीमा पत्नी राजा की मौत हो गई है। वहीं डंपर चालक फरार हो गया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

संक्षेप

चार करोड़ के घोटाले की जांच करने पहुंची टीम

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के अनपरा क्षेत्र के कुलडोमरी गांव में पूर्व में शौचालय निर्माण में आरटीआई एक्टिविस्ट की अनियमितता की शिकायत के बाद जिलाधिकारी द्वारा गठित दो सदस्यीय जांच टीम ने ग्रामीणों से शिकायत संबंधित बिंदु पर बात कर अहम जानकारी जुटाया। जानकारी अनुसार पूर्व में ग्राम पंचायत में आवंटित शौचालय के निर्माण में काफी ज्यादा अनियमितता का आरोप लगाकर आरटीआई एक्टिविस्ट संजय चंदेल ने जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह से शिकायत की थी। डीएम ने शिकायत के बाद दो सदस्यीय जांच टीम गठित किया था। जिसके बाद टीम में पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एवं खादी ग्रामोद्योग की किरण श्रीवास्तव शामिल रहीं। जांच टीम कुलडोमरी गांव के सचिवालय में वर्तमान सचिव सुरेंद्र पासवान से गांव में पूर्व में बने शौचालय की सूची प्राप्त कर लाभार्थियों के घर पहुंचकर अहम जानकारी जुटाई। जांच टीम के आने से क्षेत्र के अधिकारीयों में हड़कंप की स्थिति बन गई। सूत्रों के अनुसार गत 2020 में 3400 शौचालय कुलडोमरी ग्राम में बनना था। जिसके लिए योगी सरकार द्वारा ग्राम सभा के खाते में चार करोड़ अस्सी लाख रुपए भेज दिया। ग्राम सभा में कुछ शौचालय पूरे बने कुछ अधूरे रह गए। इसका खुलासा तब हुआ जब आरटीआई एक्टिविस्ट ने आरटीआई के जरिए ब्योरा मांगा। ग्राम सचिव का कहना है, कुछ शौचालय अधूरे हैं। लाभार्थियों को नोटिस जारी कर उनका निर्माण पूरा कराया जायेगा।

जौनपुर में शिवसेना प्रदेश चुनाव प्रभारी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार

जौनपुर, जौनपुर में शिवसेना के उत्तर प्रदेश चुनाव प्रभारी व महाराष्ट्र के शिवसेना जिलाध्यक्ष विक्रम प्रताप से प्रेसवार्ता करते हुए कहा कि देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए तैयार है। नरेंद्र मोदी को बुजुर्ग लोग बेटे के रूप में युवा अपने भविष्य को देखते हुए प्रधानमंत्री बनाने के लिए वोट करेंगे। सदर प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर से बीपी सरोज काफी ज्यादा वोटों से जीतकर देश की सबसे बड़ी सदन में जाएंगे। यही वो सांसद है जिन्होंने 370 हटाने के लिए 370 सांसदों ने हस्ताक्षर करके जो भारत माता के पैरों में बेड़ी जकड़ी गयी थी। उसको हटाने का काम किया। जब कृपा शंकर सिंह कांग्रेस में थे, तो उनकी विचार धारा अलग थी। कांग्रेस के में आने के बाद उनकी विचारधारा बदल गयी है। जब धारा 370 हटाया गया। जिससे प्रेरित होकर कांग्रेस से इस्तीफा देकर राष्ट्र के हित में भाजपा के साथ आए। कृपा शंकर सिंह के अंदर राष्ट्र की विचार धारा चल रही है। जीतने के बाद अधिक से अधिक समय देंगे। भले ही कर्मभूमि मुंबई रही हो, लेकिन जन्मभूमि तो जन्मभूमि ही है। इतने बड़े पद पर रहने के बाद भी जौनपुर के लिए उन्होंने सोचा और काम भी किया।

आई टी एम में दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ समापन

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा गोरखपुर एवं द इंस्टिटूशन्स ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के सहयोग से ₹ सतत विकास और प्रौद्योगिकियां ₹ विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का समापन संस्थान के डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम सभागार मे किया गया । इस संगोष्ठी की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई ईस्टिटूशन्स ऑफ इंजीनियर्स गोरखपुर लोकल चैप्टर के अध्यक्ष इं पी के मिश्रा ने दो दिन चलने वाले राष्ट्रीय संगोष्ठी अंतिम दिन कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि युवाओं को तकनीकी के माध्यम से नवाचार करके समाज मे जो भी समस्याएं दिख रही हैं उसका उचित निदान करना चाहिए आज के युवा के पास संसाधन की कोई कमी नही हैं बस जरूरत हैं लक्ष्य तय करके उस दिशा मे सकारात्मक प्रयास करे मदनमोहन एलुमिनाई एसोसिएशन के अध्यक्ष इं जे बी राय ने कहा कि सतत विकास के लिए जरुरी हैं की आप वर्तमान समय के मांग के अनुसार अपने को अपडेट रखे और तकनीकी का सदुपयोग करें संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व कुलपति एवं पूर्व विंग कमांडर डॉ वी के गोस्वामी ने अपने विचारों व्यक्त करते होते कहा कि हर क्षेत्र मे युवाओं के लिए नवाचार करने का अपार अवसर हैं, भविष्य के इंजीनियर्स के कंधो पर पर्यावरण को संरक्षित करते हुए सतत विकास करने कि एक बड़ी चुनौती हैं जिसको ये निश्चित रूप से अपने कौशल के माध्यम से पूरा करेंगे इं ओ एस मौर्या ने कहा कि ग्रीन ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहे कि इसके प्रयोग से पर्यावरण को हमें बचा सकते हैं संगोष्ठी को सम्बोधित करते हुए प्रो प्रकाश रंजन ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश हैं और युवाओं अभियंता इस दिशा मे तकनीकी का सही उपयोग करके ग्रामीण परिवेश के लोगों को समृद्ध बनाकर सतत विकास मे अपनी भूमिका ठीक तरह से निभा सकते हैं प्रो आशुतोष सिंह ने कहा कि भारत युवाओं का देश हैं यहाँ संसाधन की कोई कमी नही हैं ना युवाओं मे प्रतिभा की कोई कमी हैं बस जरुरत हैं सिर्फ हमें अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने की जिससे हमें समाज के लिए बेहतर कर सके और देश के सतत विकास मे अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सके ` पर्यावरणीय मुद्दों को लेकर जागरूकता बढ़ाने की जरुरत हैं संगोष्ठी के अंत मे संस्थान के निदेशक डॉ एन के सिंह ने समापन कार्यक्रम मे आये हुए सभी अतिथियों और वक्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किये इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल संकायध्यक्ष डॉ आर पी सिंह. डॉ निधि गुप्ता, डॉ तारकेश्वरनाथ, इं आर सी पाण्डेय, डॉ आर एल श्रीवास्तव डॉक्टर ए आर त्रिपाठी, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आशुतोष पाण्डेय, दीप्ति ओझा, विनीत राय, आशुतोष राव, डॉ सरिता गुप्ता, डॉ अलका श्रीवास्तव, शालिनी सिंह, प्रदीप कुमार चौधरी, क्षितिज राय, शैलेश पटेल, शशिप्रकाश राय, सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण एवं छात्र- छात्राएं मौजूद रहे।

सांसद प्रत्याशी रवि किशन शुक्ला के पक्ष में पार्षद राजा यादव के नेतृत्व मे हुआ नुक्कड़ सभा

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। वार्ड नं0 04 मदन मोहन मालवीय नगर,स्थान बगहा बाबा मंदिर इंजीनियरिंग कॉलेज, पर शाम 6:00 बजे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रवि किशन शुक्ला के पक्ष में वार्ड नं004 भारतीय जनता पार्टी के पार्षद राजा यादव के नेतृत्व मे नुक्कड़ सभा संपन्न हुआ इस कार्यक्रम के भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महामंत्री मनोज अग्रहरी, पार्षद रणजय सिंह जुगनू, अमलेश शुक्ला, विनय सिंह,मनोज निषाद पार्षद, वरिष्ट समाज सेवी एस0के 0शर्मा, प्रभु पासवान, पार्षद प्रतिनिधि राम मूरत पासवान, पार्षद प्रतिनिधि लोकेश पासवान, पार्षद नन्हे सिंह, पार्षद महेंद्र पासवान, धर्मेंद्र पासवान, कामेश्वर सिंह,राजा त्रिपाठी, मनोज सिंह, पल्लू वर्मा, अष्टभुजा श्रीवास्तव,शैन्दर दुबे, संजय जसवाल,रणवीर सिंह गोलू, मोनू शुक्ला, आशीष जायसवाल, ललन सिंह,विकास चौहान, रामदयाल, प्रजापति, अजय श्रीवास्तव, सन्तोष अग्रहरी, शैलेन्द्र पासवान, विजय दूबे गायक,सम्राट ,विशाल सिंह,रूपेश मौर्य, राजू गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

25 शीशी और 25 पाउच देशी शराब के साथ दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा पुलिस ने दो लोगो को 25 शीशी और 25 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक राकेश कुमार सिंह,कास्टेबिल आशुतोष पांडेय, शिवम वर्मा को जानकारी मिली की पिपरा और बेलौरा देशी शराब के दुकान के पीछे दो व्यक्ति शराब बेच रहा है। पुलिस मौके पर पहुंच तो दोनो जगह से 25 शीशी और 25 पाउच देशी शराब बरामद किया। जिसकी पहचान धनश्याम प्रसाद पुत्र तूफानी उसका थाना पनियरा, जिला महराजगंज,दूसरे की पहचान गोलू प्रसाद जायसवाल पुत्र स्व भगवान प्रसाद जायसवाल निवासी पहलवारा कोतवाली नगर जिला बलरामपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनो को मुचलके पर छोड़ दिया।

युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने का केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के जोगियाकोल निवासी एक 18 वर्षीय युवती को पड़ोस का एक युवक बहला फुसला कर भगा ले गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के जोगियाकोल निवासी एक 18 वर्षीय युवती 16 मई को घर से निकली थी। लेकिन देर रात तक घर वापस नही लौटी। परिजन उसकी तलाश किए लेकिन पता नही चला। खोजबीन के बाद पता चला की पड़ोस का युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी रौनक पुत्र राजू निवासी जोगियाकोल के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है।

नाली सफाई को लेकर मारपीट, केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सहजनवा गोरखपुर ।सहजनवा थाना क्षेत्र के कुसमौल में नाली सफाई को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। जिसमे पुलिस ने एक पक्ष के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के कुरमौल निवासी अमित कुमार पुत्र स्व जवाहर का पड़ोस के लोग से नाली सफाई को लेकर विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया की दोनो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमे पीड़ित अमित कुमार, अनूप कुमार घायल हो गए थे। पुलिस ने अमलेस साहनी, अमलेस के परिजन के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी देने का केस डीजी कर लिया है।

वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के नौसढ निवासी परमात्मा गुप्ता के बड़े भाई राजकुमार पुत्र बाबूराम गुप्ता 39 वर्ष 20 मई को रात्रि में 8.30 बजे बाइक से घर आ रहे थे। नौसढ चौराहे पर पहुंचे थे। पीछे से एक आ रहा वाहन ने बाइक में ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजन इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने उसे मृतक घोषित कर दिया था। पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सोनभद्र में लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

- मतदान केन्द्रों का प्रेक्षक ने किया निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र, सोनभद्र में लोकसभा चुनाव और विधानसभा दुद्धी के उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर प्रशासन अलर्ट है। राबर्ट्सगंज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के पर्यवेक्षण हेतु नियुक्त सामान्य प्रेक्षक जी. जया लक्ष्मी ने आज भ्रमणशील रहते हुए विधानसभा दुद्धी के बूथ का भी निरीक्षण किया। विधानसभा दुद्धी के प्राथमिक विद्यालय बिड़र, प्राथमिक विद्यालय दुद्धी के पिंक बूथ, पूर्व माध्यमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालय बिड़र, प्राथमिक विद्यालय रजखड़, प्राथमिक विद्यालय कादल, पूर्व प्राथमिक विद्यालय मझौली, पूर्व माध्यमिक विद्यालय कटौली, प्राथमिक विद्यालय झारोकला आदि विभिन्न मतदान केन्द्रों के बूथों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध आवश्यक सुविधाओं व व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में तहसीलदार दुद्धी अमित सिंह से जानकारी भी लिया। कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदान कर्मिकों हेतु सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रखे। निर्वाचन प्रक्रिया को चुनाव आयोग के द्वारा दिए गए निर्देश पर सम्पन्न करायी जाए। इस मौके पर तहसीलदार अमित सिंह, सीओ प्रदीप सिंह चन्देल, साधना मिश्रा सहित अन्य अन्य लोग उपस्थित रहे।

पानी की टंकी के कारण नगर में सड़कें टूटी

टंकी में घटिया सामग्री को लेकर सभासदों ने हंगामा करते हुए निर्माण कार्य रुकवाया

अमन लेखनी समाचार

मवाना, परीक्षितगढ़ नगर के किठौर तिराहे पर जल निगम द्वारा बनाई जा रही पानी की टंकी के कारण जहां नगर में सड़के टूट गई हैं। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। वहीं टंकी में घटिया सामग्री को लेकर सभासदों ने हंगामा करते हुए कार्य रुकवा दिया। वही डीएम से शिकायत करने की बात कही है। प्रधानमंत्री की जल योजना के तहत नगर में जल निगम द्वारा नवनिर्मित टंकी का निर्माण हो रहा है। इसी के तहत नगर में पाइपलाइन भी दूसरी बिछाई जा रही है।

जिसमें ठेकेदार की लापरवाही से सड़कों में गड्ढे आए दिन दुर्घटनाओं का सबब बन रहे हैं। जिसकी वजह से अनेक बार इस बारे में ठेकेदार से बात की मगर उसने कान पर जूं नहीं रेगी। सभासदों ने बताया कि उनके वार्डों में पिछले चार महीनों से पाइपलाइन डालने से हुए गड्ढों को ठीक से नहीं भरा गया। बीच सड़क में गड्ढे होने पर आए दिन दुर्घटनाएं होती है। वहीं ठेकेदार से गड्ढे भरवाने के लिए कहते हैं तो वह अपनी मनमानी करता है। वही ठेकेदार ने किठौर तिराहे पर निर्माण सामग्री को सड़क पर डलवा कर आवागमन भी बाधित कर रखा है। सड़क पर ही रेत डस्ट रोड़ी डालने से आए दिन बाइक सवार फिसल कर गिर रहे हैं।

दो दिन पूर्व सभी सभासदों ने नगर पंचायत कार्यालय पर पहुंचकर ठेकेदार से इस बारे में विरोध किया था। मगर उसने नहीं सुनी। सभी सभासद टंकी निर्माण स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने देखा की टंकी के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री लगाई जा रही है इससे उनका गुस्सा फूट गया तथा कार्य को हुआ दिया सभासद विकल गुर्जर ने बताया कि टंकी निर्माण में इतनी घटिया सामग्री लगाई जा रही है कि पिलर अभी से टूटने लगे हैं इस बाबत उन्होंने वहां मौजूद जई से बात की तो वह भी गोल-माल जवाब देने लगे। वही मौजूद सभी सभासदों ने चेतावनी दी की जब तक डीएम द्वारा इसकी जांच नहीं हो जाएगी कार्य नहीं किया जाएगा। वही अधिशासी अधिकारी मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि इस बारे में कोई शीथिलता नहीं बरती जाएगी। ठेकेदार से कह दिया है कि जल निगम से अपने कार्य के गुणवत्ता की जांच करा कर ही आगे का कार्य करें।

वहीं नगर की टूटी हुई सड़कों को भी शीघ्र ठीक कराया जाये।

सभासद कमल सिंघल, रवि शर्मा, हरिओम त्यागी, पराग सोनी, शौकी, ठेकेदार विकल गुर्जर, आदेश गुर्जर, सभासद पति संदीप जाटव, कृष्ण चौधरी, लवली जाटव मौजूद रहे।

76 लाख का एल्युमिनियम लदा ट्रक गायब

- रेणुकूट से लुधियाना के लिए था निकला, जीपीएस सिस्टम हुआ बंद, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र में रेणुकूट के निजी औद्योगिक प्रतिष्ठान हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से 76 लाख रूपए का लदा एल्युमिनियम ट्रक लुधियाना के लिए निकला। जैसे ही ट्रक कुछ दूर गया उसमें लगा जीपीएस सिस्टम काम करना बंद कर दिया और ट्रक गायब हो गया है। मामले में तहरीर पाकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दे कि पिपरी थाना प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मुर्धवा में स्थित एक्जिम लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारी देवेंद्रनाथ मिश्रा निवासी शिवापार्क ने तहरीर देकर बताया कि हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड से एक वाणिज्यिक एल्युमिनियम उत्पादों से निर्मित सीट्स, रॉड्स व कोयला आदि के परिवहन के लिए एक परिवहन अनुबंध लिया हुआ है। इस अनुबंध के अनुसार एक ट्रक संख्या पीबी13बीजी 5837 को परिवहन के लिए मुर्धवा स्थित चौधरी रोड लाइंस के मालिक सुमेर चौधरी से लिया गया था। इस ट्रक को 11 मई को एल्युमिनियम लादकर पंजाब के लिए रवाना किया गया था। परंतु आधे रास्ते जाने के बाद ट्रक का पता नहीं चल रहा है और ट्रक चालक व मालिक का नंबर भी बंद आ रहा है। तहरीर में बताया कि ट्रक चालक मनदीप सिंह निवासी ग्राम बसराई पोस्ट कादियान, बटाला पंजाब व मालिक चमकौर सिंह पुत्र जसवंत सिंह निवासी तुगलावाला सदर गुरदासपुर पंजाब ट्रक के साथ गए थे। दोनों के मोबाइल भी बंद हो गए और ट्रक पर लगा जीपीएस भी करनाल टोल प्लाजा और घरौंदा टोल प्लाजा के बीच में अंतिम लोकेशन दिख रहा है। साथ ही बताया कि ट्रक पर लोड कुल 21.165 मीट्रिक टन एल्युमिनियम लदा हुआ है। जिसकी कुल कीमत 76 लाख 59 हजार 389 रुपए है।

तहरीर पाकर पुलिस ने ट्रक मालिक व चालक के खिलाफ धारा 407 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। तीन माह पूर्व फरवरी महीने में भी मुंबई के लिए निकला ट्रक गुजरात से लापता हो गया था।

फजीर्वाड़ा कर सुपरवाइजर, रीडर ने बदला मीटर

पीवीवीएनएल में मीटर बदलने का खेल, 4 पर मुकदमा, नौकरी से बर्खास्त

अमन लेखनी समाचार

मेरठ, पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड में मीटर में फजीर्वाड़ा कर मीटर बदलने का खेल सामने आया है। अमरोहा में मीटर रीडर, सुपरवाइजर ने मिलकर एक ग्राहक का कमर्शियल मीटर बदलकर मानकों के खिलाफ दूसरा मीटर लगा दिया। मीटर में छेड़छाड़ भी कर दी। जांच में खेल का खुलासा होने पर पीवीवीएनएल की एमडी ने आरोपित सुपरवाइजर, मीटर रीडर को नौकरी से बर्खास्त किया है। 4 लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया है।

सोनभद्र में फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

- रात में परिजनों के साथ खाना खाकर गई थी सोने, पिता बोले- क्यों उठाया ऐसा कदम इसका पता नहीं

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र , सोनभद्र के दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के कटौंधी गांव में किशोरी का शव फंदे से लटकता मिला। परिजनों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। कठौंधी निवासी रामजी की बेटी खुशबू कुमारी(17) मनबसा के एक विद्यालय में 9वीं में पढ़ाई कर रही थी। बुधवार की रात्रि खुशबू परिवार वालों के साथ खाना खाकर अपने कमरे में सोने के लिए चली गई। सुबह होने पर घर की साफ सफाई करने के लिए परिजन उसके कमरे में गए तो देखे खुशबू का शव साड़ी के फंदे से लट रहा था। यह देख सब चिल्लाने लगे। तेज आवाज सुनकर परिवार के अन्य सदस्य व ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। परिजनों का कहना है कि उसने ऐसा क्यों किया। इसका पता नहीं है। उप निरीक्षक काशीनाथ कुशवाहा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

प्रदर्शन के बाद छत से गिरकर मौत के मामले में पूर्व प्रधान सहित चार के खिलाफ दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

मौदहा। क्षेत्र के ग्राम भैंस्ता में संदिग्ध हालत में हुई ट्रैक्टर चालक की मौत के मामले में मुख्यालय में हुये प्रदर्शन के बाद पूर्व प्रधान समेत चार के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को तड़के ललपुरा थाना क्षेत्र के उजनेड़ी निवासी कामता पाल की भैंस्ता गांव में छत से गिरकर मौत हुई थी। मृतक कामता पाल उजनेड़ी गांव के तेज प्रताप वर्मा के साथ उसकी ससुराल भैंस्ता में ट्रैक्टर चलाने आया था जिसको छत से गिर जाने पर मौदहा सीएचसी में मृत घोषित किया गया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने मुख्यालय में शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करते हुए हत्या के आरोप लगाये। जिस पर सीओ सदर ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया। मौदहा कोतवाली पुलिस ने इस मामले की छानबीन कर पूर्व प्रधान बरदानी लाल व सुनील निवासी भैंस्ता तथा तेजप्रताप व राम वर्मा निवासी उजनेड़ी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया है।

अनपरा पुलिस द्वारा चोरी से सम्बन्धित प्रकरण में एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

सोनभद्र।पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ0 यशवीर सिंह निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे चोरी पर अंकुश लगाये जाने वाले अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी पिपरी के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25.05.2024 को समय लगभग 09.40 बजे मुखबिर की सूचना पर थाना अनपरा पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-111/2024 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित एक नफर वांछित अभियुक्त शशिशंकर गुप्ता उर्फ दीपू पुत्र रोहित लाल गुप्ता निवासी एचएससीएल कालोनी अनपरा थाना अनपरा जनपद सोनभद्र को एचएससीएल कालोनी मोड मेन रोड डुबुलगंज से एक अदद तमंचा 315 बोर, एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना में चोरी किया गया

हरे वृक्षों की कटान के खिलाफ लखनऊ में धरना देंगे पूर्व सांसद

सुमेरपुर कस्बे में हो रहा बड़े पैमाने पर कारोबार

पुलिस, वन विभाग व मंडी की मिलीभगत से फलफूल रहा है व्यापार

अमन लेखनी समाचार/ उमेश दीक्षित

हमीरपुर। बुंदेलखंड में हरे वृक्षों की कटान पर भाजपा के पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत मुखर होकर सामने आए हैं। शिकायत के बाद अब वह सोमवार से लखनऊ में धरना प्रदर्शन करने जा रहे हैं। हमीरपुर महोबा लोकसभा सीट के पूर्व सांसद मानते हैं कि बुंदेलखंड में हरे वृक्षों की अवैध कटान से देवीय आपदाओं का प्रकोप बढ़ा है। इससे किसान तबाह हो रहा है और पर्यावरण संतुलन गड़बड़ा रहा है। इसको रोकने की सख्त जरूरत है। इसके लिए वह मुख्यमंत्री से लेकर जिलों के प्रभागीय वनाधिकारियों को पत्र भेजकर अपनी शिकायत दर्ज करा चुके हैं। गत शुक्रवार को वह प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक से लखनऊ में मिलकर मुख्यमंत्री को विगत में दी गयी शिकायत की प्रति सौंपकर अवैध कटान को रोकने की मांग की है। मुख्य वन संरक्षक ने दो दिन में हरे वृक्षों की अवैध कटान रोके जाने के साथ लकड़ी के डंपों की जांच करने का आश्वासन दिया है। इसके बाद पूर्व सांसद ने सोमवार को लखनऊ में धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है। वहीं दूसरी तरफ हमीरपुर महोबा में अवैध लकड़ी कटान का कस्बा सुमेरपुर हब बना हुआ है। यहां से प्रतिदिन औसतन 50 ट्रक लकड़ी बाहर भेजी जाती है। पूरे जिले से करीब 100 ट्रक लकड़ी बाहर भेजी जा रही है। इसमें पुलिस, मंडी परिषद से लेकर वन विभाग की मिलीभगत है। कमाल की बात यह है कि जलाऊ लकड़ी की आड़ में यहां से टिंबर वाली लकड़ी का बड़े पैमाने पर व्यापार करके जीएसटी चोरी की जा रही है। पकड़े जाने पर यह जुमार्ना भरकर निकल लेते हैं। मंडी परिषद के अनुसार मंडी शुल्क डेढ़ प्रतिशत है। जबकि जलाऊ लकड़ी में जीएसटी शून्य है। एक से 5 फीट तक के टिंबर टुकड़ों में पांच प्रतिशत तथा छह फीट से अधिक लंबे टिंबर पर 18 प्रतिशत जीएसटी है। इसमें भारी चोरी की जा रही है। कस्बे में इस समय जिले के अलावा महोबा, बांदा, जालौन से लकड़ी लाकर खपाई जा रही है। यहां से इसका कारोबार बड़े स्तर पर हो रहा है। कस्बे के बांदा मार्ग, भौनिया, बांकी मार्ग के अलावा फैक्टरी एरिया में इसके बड़े बड़े डंप लगते हैं। यही से ट्रकों में लादकर बाहर भेजी जाती हैं। वन क्षेत्र अधिकारी इफ्तार खान ने बताया कि बबूल एवं विलायती बबूल की लकड़ी छूट प्रजाति में आती है। इसके कारोबार का उनके विभाग से लाइसेंस जारी नहीं होता है। मंडी सचिव नितिन कुमार गौतम ने बताया कि मई माह में टिंबर एवं जलाऊ लकड़ी के 411 गेट पास जारी किए गए हैं। जिसमें जलाऊ के 262 व टिंबर के 149 गेट पास शामिल है। इन गेट पासों के माध्यम से 98321 क्विंटल लकड़ी बाहर भेजी गई है। उन्होंने बताया कि फहीम वुड वर्क एंड सप्लायर, फैजान उद्योग, गुप्ता वुड कॉरपोरेशन, रहमत टिंबर मार्ट, फरहान टिंबर, बाबा विश्वनाथ ट्रेडर्स, ओम साईं राम वुड सप्लायर्स, एबी इंटरप्राइजेज, एमडी कॉरपोरेशन, रामा शिव ट्रेडर्स, मां भगवती ट्रेडर्स के अलावा रामपुर, कानपुर व मेरठ की कई फर्में यहां से व्यापार कर रही हैं।

सुमेरपुर में बार बार बिजली गुल होने पर सपा मुखिया ने दिया ईवीएम की चौकीदारी का निर्देश

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर। मंडी समिति सुमेरपुर के स्ट्रांग रूम की बार-बार बत्ती गुल होने के मुद्दे पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर किसी गड़बड़ी की आशंका को लेकर सपाइयों को मंडी समिति में डटे रहने का संदेश दिया है। अखिलेश की इस आशंका पर डीएम की ओर से सफाई भी दी गई है। इस मुद्दे को लेकर सपा प्रत्याशी के साथ पार्टी नेता डीएम से भी मिले थे।

20 मई को पांचवें चरण का मतदान संपन्न होने के बाद जनपद की दोनों विधानसभा हमीरपुर और राठ की ईवीएम को मंडी समिति सुमेरपुर में बनाए गए स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं जो चौबीस घंटे संचालित हैं। स्ट्रांग रूम में ईवीएम के पहुंचने के दूसरे दिन से ही कई बार लगातार बिजली की आवाजाही होती रही। जिससे सपाइयों ने किसी गड़बड़ी की आशंका को लेकर स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ चुनाव आयोग से शिकायत की थी। इस शिकायत के बाद प्रशासन ने मंडी समिति की बिजली व्यवस्था चाक चौबंद करा दी थी।

इसी को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन को इस मामले का तुरंत संज्ञान लेते हुए सपाइयों के नाम संदेश जारी किया है। जिसमें उन्होंने लिखा है कि 'हमीरपुर में जहां चुनाव के बाद ईवीएम रखे हैं वहां के स्ट्रांग रूम में पांचवीं बार बिजली कटी है। चुनाव आयोग और स्थानीय प्रशासन इसका तुरंत संज्ञान ले। सभी सपा प्रत्याशियों और जुझारू कार्यकताओं से कहा गया है कि इसी तरह पूरे प्रदेश में ईवीएम स्ट्रांग रूम पर निगाह रखें और गड़बड़ी की किसी भी आशंका की सूचना उन्हें दें। उन्होंने सपा के सभी सक्रिय कार्यकताओं को सचेत व सतर्क रहने के लिए बधाई देते हुये कहा कि आपकी सजगता ही जीत का आधार बनेगी। जब तक हाथ में जीत का प्रमाण नहीं, तब तक विश्राम नहीं का संदेश सपा के मीडिया सेल से भी जारी कर एक्स पर बार-बार बिजली गुल होने और सीसीटीवी कैमरों के बंद होने पर गड़बड़ी की आशंका जताई गई है।

अखिलेश यादव की इस पोस्ट के बाद डीएम के हैंडल से रिप्लाई किया गया है कि 'स्ट्रांग रूम में उपलब्ध पॉवर बैकअप के साथ लाईट निरंतर आ रही है एवं सीसीटीवी कैमरे निरंतर चल रहे हैं। तकनीकी समस्या के कारण बाधित इंटरनेट को तत्काल बहाल करते हुए कैमरों का निर्बाध प्रसारण हो रहा है।

कस्बे में पेयजल व्यवस्था न होने से राहगीर परेशान

कस्बे में लगे फ्रीजर नहीं दे पा रहे ठंडा पानी

अमन लेखनी समाचार/शिवम सिंह

कुरारा,हमीरपुर।कस्बा कुरारा में भीषण गर्मी के बावजूद ठंडे पेयजल की व्यवस्था लोगो के लिए नही हो पा रही है। कस्बे में लगे फ्रीजर भी ठंडा पानी नहीं दे पा रहे हैं। वही मुख्य स्थानों में प्याऊ की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। राहगीर पानी के लिए भटकते रहते हैं।

कस्बा कुरारा में गर्मी के मौसम में राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत द्वारा बेरी तिराहा,भोली रोड, मेन बाजार शिवमन्दिर, ब्लाक के समीप फ्रीजर की व्यवस्था की गई है। कस्बे के मुख्य बस स्टैंड में पूर्व में एक फ्रीजर लगाया गया था। भीड़भाड़ वाले इस स्थान का फ्रीजर गायब हो गया है।अन्य फ्रीजर जो लगे हैं उनमें ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है। तथा देखरेख के अभाव में चारो तरफ से टोटी लीकेज कर रहे हैं। पूर्व में नगर पंचायत द्वारा कस्बे के भीड़भाड़ वाले स्थानों में लोगो के आवागमन वाले स्थानों में निशुल्क प्याऊ की व्यवस्था की जाती रही है। लेकिन अभी तक प्याऊ की व्यवस्था नहीं हो पा रही है।कस्बे के समाजसेवी ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए प्याऊ लगवाते थे। लेकिन इस वर्ष कोई प्याऊ नहीं लगे हैं। दोपहर में यात्रा करने वाले राहगीर पानी की तलाश में इधर उधर भटकते रहते हैं।

प्रेक्षक व मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण स्थल का किये निरीक्षण

● सामान्य प्रेक्षक एवं सीडीओ ने मतदान कार्मिकों से विभिन्न प्रश्न पूछकर प्रशिक्षण प्रक्रिया से हुये संतुष्ट

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 व दुद्धी विधान सभा उप निर्वाचन,2024 को निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने के लिये जनपद में मतदान अधिकारियों और कार्मिकों के चल रहे प्रशिक्षण राजकीय इंजीनियरिंग कालेज चुर्क का सामान्य प्रेक्षक जी0 जया लक्ष्मी ने प्रशिक्षण स्थल का निरीक्षण किये, इस दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर पीठासीन अधिकारियों और मतदान अधिकारियों से प्रश्न पूछे और प्रशिक्षण प्रक्रिया से संतुष्ट हुये। इस दौरान प्रेक्षक ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पीठासीन अधिकारी/मतदान अधिकारी से विभिन्न प्रश्न पूछे जैसे सीआरसी क्या होता है, 17ए क्या है, 17सी कितने कापी में भरा जाता है, एएसडी सूची क्या होती है इस सूची के मतदाता का वोट कैसे कराया जायेगा, दो बैलेट यूनिट कैसे जोड़ी जायेगी एवं अन्य सामान्य निर्वाचन की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होने मतदान कार्मिकों से कहा कि वास्तविक मतदान प्रारम्भ करने से पहले टोटल बटन दबाकर देखा जायेगा की पोल शून्य है कि नही और उसे प्रथम मतदान के पहले 17ए रजिस्टर में सबसे पहले अंकित करके तब मतदान प्रक्रिया प्रारम्भ की जायेगी। मुख्य विकास अधिकारी ने मतदान कार्मिकों से कहा कि जनपद सोनभद्र में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष और सकुशल सम्पन्न करायें, सभी पीठासीन अधिकारी एमपीएस ऐप डाउनलोड कर लें, आज के प्रशिक्षण में कुल 677 मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण प्राप्त करना था, जिसमें से 02 मतदान कर्मी बिना किसी कारण के अनुपस्थित रहें। मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देशित किया है कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही सम्बन्धित विभागाध्यक्ष सुनिश्चित करें। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, जिला कृषि अधिकारी एच0आर0 मिश्र, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 आर0एस0 मौर्या, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

जिलानिर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने सुमेरपुर मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार/उमेश दीक्षित

हमीरपुर।लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में का मतदान 20 मई को हो चुका है जिसके उपरांत जनपद के सुमेरपुर स्थित गल्ला मंडी में बनाये गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को निर्वाचन आयोग ने कैद कर दिया है।वही चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित तिथि अग्रिम 4 जून को प्रत्याशियों के परिणामो के लिए काउंटिंग करने के दौरान ही इन मशीनों को सभी की मौजूदगी में खोली जाएगी।वही जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा इन मशीनों की 24 घण्टे सीसीटी व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निरंतर निगरानी की जा रही है।जिसको लेकर शनिवार के रोज सुरक्षा व्यवस्था के द्रष्टिगत जनपद के जिलानिर्वाचन अधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक ड्रा0 दीक्षा शर्मा ने जनपद के सुमेरपुर गल्ला मंडी स्थित स्ट्रांग रूम का औचक निरीक्षण किया।जिसमें उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को परखा। निरीक्षण के दौरान उन्हें व्यवस्थाये चुस्त दुरुस्त मिली। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों को सतर्कता से ड्यूटी करने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में जरा चूक व लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी।अगर लापरवाही मिली तो तत्काल विभागीय कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान जिलानिर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

आरपी मेमोरियल पब्लिक स्कूल में हुआ परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। वैश्विक क्षितिज पर बढ़ती चुनौतियों के बीच आज आने वाली पीढ़ी को मात्र (साक्षर) शिक्षित ही नही बल्कि हमें उन्हें सुशिक्षित करने की जरूरत है जिससे वह प्रगति की सरपट दौड़ में विजेता बन कर देश, समाज व परिवार का नाम रोशन कर सके। यह बात शहर के मुहल्ला दरोगा बाग में संचालित आर0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल में आयोजित परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह में बच्चों को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक उमाकांत मिश्र ने कहा कि आज का युग वैज्ञानिक युग है परिणामस्वरूप आज जन्मने वाले बच्चे अब गुड्डा गुड़ियों के खेल से नाता तोड़ मोबाइल फोन व इंटरनेट को पसंद कर रहे हैं।हम अगर उन्हें उनकी मानसिक क्षमता व दक्षता के अनुरूप तकनीकी क्षेत्र में पारंगत नही कर सके, तो उनका मन मस्तिष्क अन्य क्षेत्रों की ओर मुड़ जाएगा जो घर, परिवार, समाज व देश के लिये नुकसान देय साबित ही सकता है इसलिए नौनिहालों का अच्छे पालन पोषण के साथ उनकी शिक्षा व संस्कारों पर भी शिक्षक व अभिभावक दोनों को ध्यान देना होगा।

उन्होंने कहा कि आर0 पी0 मेमोरियल पब्लिक स्कूल प्रशासन द्वारा सीमित संसाधनों के बीच बच्चों को अपेक्षा के अनुरूप उन्हें सुशिक्षित, सुसंस्कारित करते हुए उनका तकनीकी क्षेत्र मे तादात्मय स्थापित करने का सफल प्रयास कर रहा है।

विद्यालय प्रधानाचार्या सुषमा मिश्रा ने कहा कि हमारे महापुरुषों ने देश को गुलामी की जंजीरों से निजात दिलाकर हमें एक खुले आसमान में उड़ान भरने का मौका दिया है जिसका हम सबकों सदुपयोग कर देश को विकसित बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। प्री प्राइमरी (पी जी से यू के जी) में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले बच्चों में फलक रहमान प्रथम, शानवी द्वितीय और रिशु वर्मा को पुरस्कृत किया गया। कक्षा प्रथम से ऊपर की कक्षाओं में साक्षी सविता ने सर्वोच्च अंक हासिल किये दूसरे स्थान पर रिजवान और तीसरे स्थान पर खदीजा रही। विद्यालय में सबसे अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले शाश्वत मिश्र को भी पुरस्कार दिया गया। कक्षा पी जी में शानवी प्रथम, ओवैस द्वितीय तथा फैसल तीसरे नम्बर पर रहे, एल के जी में रिशु वर्मा, हमजा खान तथा अयान मंसूरी ने क्रमशः प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान हासिल किया इसी तरह यू के जी में फलक रहमान, हसनैन, व कृष्णा सिंह को ईनाम दिया गया। कक्षा प्रथम में साक्षी सविता प्रथम, रिजवान द्वितीय तथा जीशान तीसरे स्थान पर रहे कक्षा द्वितीय में संध्या राजपूत प्रथम, नूर आलम द्वितीय और खुशी तीसरे नम्बर पर रही। कक्षा तृतीय में खदीजा प्रथम, सारा रहमानी द्वितीय और रेशू तीसरे स्थान पर रही। कक्षा चतुर्थ में अनन्या वर्मा को प्रथम, तमन्ना गुप्ता द्वितीय और अलशिफा को तीसरे स्थान के लिए पुरस्कार दिया गया। कक्षा पंचम में वंशज सैनी प्रथम, मोहम्मद वैस द्वितीय और मयंक सविता को तृतीय स्थान लाने पर पुरस्कृत किया गया। कक्षा शष्ठ में अदिति प्रथम व मजहर को द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया कक्षा सप्तम से शाश्वत मिश्र प्रथम, अंश सैनी द्वितीय तथा गर्व दीक्षित तीसरे स्थान पर रहे। अष्टम कक्षा से रमसा जमाल प्रथम व श्रेया यादव को द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

विद्यालय की अन्य गतिविधियों में स्थान अर्जित करने वालों में पृथ्वी दिवस पोस्टर कम्पटीशन में पी जी से यू के जी में लक्ष्मी प्रथम, समग्र वाजपेयी द्वितीय व आयुषी को तीसरे स्थान के लिए ईनाम दिया गया। द्वितीय ग्रुप में आराधना राजपूत प्रथम, आरोही द्वितीय तथा सोहम तृतीय स्थान पर रहे। तृतीय ग्रुप में अंश सैनी प्रथम, श्रेया यादव द्वितीय व शाश्वत मिश्र तीसरे स्थान के लिए पुरस्कृत किये गये। मेंहदी कम्पटीशन के प्रथम ग्रुप से रेशू प्रथम, आराधना द्वितीय और अनुष्का द्वितीय ग्रुप से अनन्या वर्मा, रमशा और श्रेया यादव को ईनाम दिया गया। काइट मेंकिंग कम्पटीशन में वैस प्रथम, गर्व दीक्षित द्वितीय और अंश तीसरे स्थान पर रहे। आर्ट कम्पटीशन के प्रथम ग्रुप में एल के जी के अंश राजपूत प्रथम, ऐश पटेल द्वितीय तथा आयुष को पुरस्कृत किया गया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में साक्षी सविता प्रथम, शौर्य यादव द्वितीय और संध्या वर्मा तीसरे स्थान पर रही, दूसरे ग्रुप श्रेया यादव प्रथम, तमन्ना गुप्ता द्वितीय व रेशू तीसरे स्थान पर रही। हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता में आयरा प्रथम, संध्या द्वितीय व आराधना राजपूत तीसरे स्थान पर रहे। द्वितीय ग्रुप से गर्व दीक्षित प्रथम, श्रेया यादव द्वितीय और अनन्या वर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया। कला प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में आराधना राजपूत प्रथम, खुशी द्वितीय और जीशान तीसरे स्थान पर रहे द्वितीय ग्रुप में मोनिश प्रथम, वंशज द्वितीय तथा शाश्वत तृतीय स्थान पर रहे। राखी प्रतियोगिता के प्रथम ग्रुप में अदनान प्रथम, फलक रहमान द्वितीय, अयान मंसूरी तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय ग्रुप में साक्षी सविता प्रथम, आयरा द्वितीय तथा संध्या को तृतीय स्थान अर्जित करने पर पुरस्कृत किया गया। तृतीय ग्रुप से अदिति वर्मा प्रथम, अनन्या वर्मा द्वितीय व तन्वीर को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया।

फैनसी ड्रेस कम्पटीशन में वीर सम्राट शर्मा प्रथम, आयूसी द्वितीय व अदनान तृतीय स्थान पर रहे। राधा कृष्ण ड्रेस प्रतियोगिता में फलक रहमान व कृष्णा की जोड़ी प्रथम अजान व ऐश की जोड़ी द्वितीय तथा समग्र व खुशी का पेयर तृतीय स्थान पर रहा दूसरे ग्रुप से रेशू अलशिफा का पेयर फर्स्ट, आराधना व कार्तिक सेकेण्ड तथा आराधना और अनाया का पेयर तीसरे स्थान पर रहा। ग्रीटिंग कार्ड कम्पटीशन के फर्स्ट ग्रुप में अयान मंसूरी प्रथम, आयुषी कश्यप द्वितीय, वेद सविता तृतीय स्थान पर रहे। द्वितीय ग्रुप से उम्मे कुलसुम प्रथम, ऋषभ वर्मा द्वितीय और वरदान सविता ने तृतीय स्थान पाया। तीसरे ग्रुप से अदिति वर्मा प्रथम, शाश्वत मिश्र द्वितीय तथा मयंक सविता को तृतीय स्थान के लिया पुरस्कृत किया गया। जलेबी दौड़ प्रतियोगिता के लिए सना प्रथम, चित्रा द्वितीय व फैसल तृतीय स्थान पर रहे। ग्वावा रेस में विनायक उपाध्याय प्रथम, आराध्या यादव द्वितीय व कृष्णा को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। बैलून रेस में संगम राजपूत ने पुरस्कार जीता। म्यूजिकल चेयर रेस अनाया राजपूत प्रथम, अनिका द्विवेदी द्वितीय व वरदान को तृतीय स्थान के लिए ईनाम दिया गया। मैथ रेस के लिए वंश, शाश्वत की जोड़ी प्रथम, अलशिफा बानों अंश जोड़ी द्वितीय अलशिफा फातिमा व गर्व दीक्षित की जोड़ी को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

100 मीटर की ब्वायज रेस में आदिल खान प्रथम, गर्व दीक्षित द्वितीय तथा शाश्वत मिश्र को तृतीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया सौ मीटर की बालिका दौड़ में अदिति वर्मा प्रथम, रेशू द्वितीय, खुशी को तृतीय पुरस्कार मिला। पचास मीटर दौड़ में अंश राजपूत प्रथम, संगम राजपूत द्वितीय व साक्षी सविता को तृतीय पुरस्कार मिला। खो खो प्रतियोगिता में शाश्वत मिश्र, अंश, अनन्या वर्मा, अलशिफा फातिमा, श्रेया यादव व वंशज सैनी की टीम को पुरस्कार दिया गया।

बिना परमिट के कटे पेड़, दर्ज हुआ मुकदमा

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव।ग्राम कसरौर में बगैर परमिट हरे पेड़ कटवाने का आरोप वन रक्षक ने लगाया है।कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रेनू वन रक्षक रेंज पुरवा के मुताबिक बीते 21 मई को वह बीट गश्त पर थी।जहां ग्राम कसरौर में पेड़ों के कटान होने की सूचना मिली।बलराम चौकीदार रेंज पुरवा के मौके पर पहुंच कर पूछताछ की।मौके पर आम के 6 पेड़ कटे पाये गये।जिनकी नाप करने पर गोलाई क्रमशः 2.5 मी, 2 मी, 1.50, 3.30, 1.50 व 1.80 मी मिली। पूछताछ बाद उक्त पेड़ ग्राम कसरौर की सती कुशवाहा पत्नी बच्चन कुशवाहा ने कटवाये हैं।जिसमें अभियुक्त ने पेड़ कटवाये जाने को विभाग से कोई परमिट नहीं बनवाया गया है।जोकि उप्र वन संरक्षण अधिनियम की धारा 4/10 के अधीन दण्डनीय अपराध है। वन रक्षक की तहरीर बाद कोतवाली पुलिस ने संगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

कान्हा गौशाला का एस डी एम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। शनिवार को एसडीएम ने कान्हा गौशाला की खामियों व खंविअ कार्यालय में कर्मचारियों की अनुपस्थिति की बाबत एक सप्ताह में कृत कार्रवाई से अवगत कराने के निर्देश दिए हैं। शनिवार को एसडीएम को स्थानीय नपं स्थित कान्हा गौशाला आश्रय स्थल के निरीक्षण में 3 सौ गौवंशो की क्षमता की कान्हा आश्रय स्थल में कुल 280 गौवंश मौजूद मिले।लेकिन गौवंशों की टैगिंग न होने के साथ ही पानी पीने की नांद गंदी मिली।साथ ही गोवंशों को धूप व लू से बचाव को टीन सेंड, त्रिपाल व पन्नी आदि उपलब्ध नहीं मिली।साथ ही मौके पर साफ सफाई का भी अभाव दिखा। वहीं स्थानीय खंविअ कार्यालय में तीन उपस्थिति पंजिका मिलीं।जिसमें प्रथम पंजिका में क्रमांक 01 से क्रमांक 12 तक कर्मचारियों के नाम अंकित मिले।और क्रमांक 09 पर अंकित श्री सुनील कुमार बोरिंग टेक्नीशियन व क्रमांक 10 पर अंकित कृष्ण कुमार शर्मा बोरिंग टेक्नीशियन व क्रमांक 11 पर अंकित राहुल कुमार बोरिंग टेक्नीशियन अनुपस्थित मिले।वहीं दूसरी पंजिका में क्रमांक 1-8 ग्राविअ/ग्रपंअ के नाम अंकित थे।लेकिन क्रमांक 02 से 08 तक के कर्मचारियों में शिव बरन सिंह प्रथम, शिवबरन सिंह द्वितीय, अनिल पटेल, आकाश वर्मा, दीपक कुमार, गुड्डू श्रीवास्तव, शाजिद रिजवी अनुपस्थित पाये गये। वहीं तकनीकी सहायकों की तीसरी पंजिका में क्रमांक 01-ज्ञानेन्द्र कुमार, 02-अमर कान्त, 03-रामचन्द्र, 04- संजय कुमार, 05-इकबाल खलीक, 07-विनय कुमार शर्मा बीबीएम व 13-राहुल कुमार कआएनआरएलएम अनुपस्थित मिले।

सपा मुखिया की टिप्पणी से सपाइयों में नये जोश का संचार

प्रशासन ने मंडी के मुख्य गेट मे लगाये कैमरे

अमन लेखनी समाचार उमेश दीक्षित

हमीरपुर। नवीन गल्ला मंडी सुमेरपुर में लोकसभा चुनाव की ईवीएम के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूमों की बिजली कटौती के बारे में सपा मुखिया के एक्स में टिप्पणी करने के बाद सपाइयों में नए जोश का संचार हुआ है। हमीरपुर महोबा के सपाई नवीन गल्ला मंडी के बाहर अपना ठिकाना बनाकर जोशोखरोश के साथ निगरानी कर रहे हैं।

हमीरपुर महोबा तिंदवारी लोकसभा सीट पर मतदान के बाद मिल रहे रुझानों से सपाई जीत के प्रति बेहद आश्वस्त हैं। मतदान के बाद नवीन गल्ला मंडी में बनाए गए स्ट्रांग रूम की निगरानी सपाई प्रथम दिन से ही कर रहे हैं। शुरूआत में रात के समय कुछ देर के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर सपाइयों ने अधिकारियों से आपत्ति जताकर निर्बाध आपूर्ति की मांग की थी। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। इसके बाद आपूर्ति को दुरुस्त कराया गया था। शुक्रवार को देर रात सपा मुखिया अखिलेश यादव ने एक्स के माध्यम से पोस्ट करके चुनाव आयोग एवं प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराकर जिले के सपाइयों की सराहना करते हुए जीत के प्रमाण पत्र तक संघर्ष बनाए रखने का आह्वान किया है। सपा मुखिया की इस टिप्पणी से सपाइयों में नए जोश का संचार हुआ है और वह जो जोशोखरोश के साथ नवीन गल्ला मंडी के बाहर डेरा जमाए हैं।

उधर सपा मुखिया की टिप्पणी के बाद प्रशासन भी व्यवस्था मुस्तैद करने में जुट गया है। शनिवार को सुबह नवीन गल्ला मंडी के मुख्य गेट में भी सीसीटीवी कैमरे लगाकर निगरानी पुख्ता की जा रही है। उधर शनिवार को दोपहर बाद जिलाधिकारी राहुल पांडेय व पुलिस अधीक्षक डा. दीक्षा शर्मा ने पुनः गल्ला मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी तरह की व्यवस्थाओं को चाक चौबंद रखने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एडीएम न्यायिक नागेंद्र नाथ, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, मंडी सचिन नितिन कुमार गौतम के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक –
श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक –
रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address
amanlekhaninews@gmail.com

वेलकम टू द जंगल में जैकी श्रॉफ की एंट्री

मुंबई। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल से एक्टर संजय दत्त के बाहर होने की खबर ने फैंस को निराश कर दिया था। बताया गया कि एक्टर ने कुछ दिन की शूटिंग करने के बाद इस फिल्म से हटने का फैसला लिया। अब इस फिल्म की कास्ट और कहानी में बड़ा बदलाव किया गया है। संजय दत्त के बाहर होने के बाद जैकी श्रॉफ की एंट्री हुई है। लेकिन एक्टर की संजू बाबा की जगह नहीं लाया गया है और न ही एक्टर उनका वाला किरदार निभाएंगे। कहानी में भी हुआ है बड़ा बदलाव। वेलकम 3 की शूटिंग पिछले कुछ समय से चल रही थी, बिहाइंड द सीन वीडियोज भी वायरल हुए थे।

लाइफ Style

जाह्नवी

साथ काम करने मांगी थी मन्नत

एजेंसी ⏭ मुंबई

जाह्नवी कपूर ने साल 2018 में फिल्म धड़क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्म को कुछ खास रिस्पॉन्स नहीं मिला था। हालांकि इसके बाद जाह्नवी ने कई फिल्में कीं और इस इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है।

2018 से लेकर अब तक जाह्नवी ने 7 फिल्में की हैं और अब उनकी 8वीं फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही रिलीज होने वाली है। यह फिल्म क्रिकेट पर आधारित है और इसमें जाह्नवी के साथ राजकुमार राव लीड रोल में हैं। जाह्नवी फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं और इसी दौरान एक इंटरव्यू में जाह्नवी ने बताया कि पंकज त्रिपाठी के साथ काम करने के लिए उन्होंने मन्नत मांगी थी।

दरअसल, जाह्नवी से पूछा गया कि क्या कोई ऐसा है जिससे वह मिलना चाहती थीं या जिससे कभी नहीं मिलना चाहती हों तो इस पर जाह्नवी ने कहा कि मैं पंकज त्रिपाठी जी से के साथ काम करना चाहती थी। उनके साथ काम करने का मेरा सपना था। मैं पागलों की तरह बिहेव करती थी क्योंकि मैं उनकी बहुत बड़ी फैन थी और अब भी हूं। मैंने मन्नत ली थी कि वह मेरी फिल्म गुंजन सक्सेना को करने के लिए हां कह दें। इतना ही नहीं मैं तो शाकाहारी भी बन गई थी। बता दें कि गुंजन द सक्सेना फिल्म में पंकज ने जाह्नवी के पापा का किरदार निभाया था। फिल्म में वह जाह्नवी को पूरा सपोर्ट करते दिखे हैं। वहीं कई इंटरव्यूज में दोनों ने एक-दूसरे के काम की तारीफ की है। जाह्नवी के बाकी प्रोजेक्ट्स की बात करें तो उनके पास और भी कई बड़ी और दिलचस्प फिल्म है।

हॉलीवुड मसाला

कोर्ट ने एंजेलिना से मांगा जवाब

लॉस एंजिलिस। एंजलिना जोली और ब्रैड पिट कभी हॉलीवुड के सबसे पसंदीदा कपल्स में से एक थे। मगर अब दोनों विवादों के चलते सुर्खियों में रहते हैं। दोनों के बीच बच्चों की कस्टडी के अलावा फ्रेंच वाइनयार्ड को लेकर भी विवाद चल रहा है। कुछ साल पहले एंजेलिना ने फ्रेंच वाइनयार्ड से अपना हिस्सा बेच दिया था। अब उन्हें ब्रैड पिट के साथ सभी एनडीए पेश करने का आदेश दिया गया है। पिछले आठ साल से एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट के बीच 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की फ्रांसीसी वाइनरी, चेटो मिरावल के स्वामित्व पर चल रहे विवाद में एक नया मोड़ आ गया है।

मासूम वैकना बना 'स्ट्रेंजर थिंग्स' का शैतान

लॉस एंजिलिस। डफर ब्रदर्स की निर्मित साई-फाई, हॉरर और मिस्ट्री ड्रामा 'स्ट्रेंजर्स थिंग्स' सबसे पॉपुलर वेब सीरीज में से एक है। इसके चार सीजंस आ चुके हैं, जिसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला है, जिसमें दिखाया गया है कि कैसे दूसरी दुनिया के राक्षस धरती पर आकर हॉकिंस का जीना हराम करते हैं। 'स्ट्रेंजर थिंग्स' की कहानी हॉकिन्स शहर होता है, जहां अजीबोगरीब घटना होती है। हॉकिन्स में दो पैरलल दुनिया है। धरती पर दूसरी दुनिया से राक्षस आ रहे हैं। तीसरे सीजन तक, इलेवन इंडियाना ग्रुप के साथ मिलकर दूसरी दुनिया से आये राक्षसों का खात्मा करती है और उन्हें में हो रहे बच्चों संग एक्सपेरिमेंट का खुलासा करती है। इलेवन भी उसी लैब से भागकर आती है। चौथे सीजन में उसका सामना सबसे खतरनाक राक्षस का सामना होता है, जिसका नाम वैक्ना है।



लुक्स के लिए करते ही हैं ट्रोल : अलाया

मुंबई। बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा अलाया एफ इन दिनों सुर्खियों में बनी हुई हैं। वे राजकुमार राव के साथ फिल्म 'श्रीकांत' में नजर आ रही हैं। दर्शकों को इस फिल्म में उनका किरदार काफी पसंद आ रहा है। इस फिल्म से पहले वे अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ उनकी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में भी अपने अभिनय का जलवा बिखेर चुकी हैं। वहीं हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अलाया ने अपनी निजी जिंदगी और बॉलीवुड से जुड़े कई अनुभवों को दर्शकों के संग साझा किया है। अलाया एफ फिल्मों में अभिनय के अलावा अपने बेबाक अंदाज के लिए भी मशहूर हैं। वे अपनी मां पूजा बेदी की तरह ही अपनी बातों को बेझिझक रखना जानती हैं। पिछले दिनों एक इंटरव्यू के दौरान अलाया एफ ने कहा, 'लोगों को चैन नहीं है। वे आपके लुक्स के लिए आपको ट्रोल करेंगे।

सिंघम अवतार देख फैंस हुए पागल

मुंबई। रोहित शेट्टी के डायरेक्शन में बन रही फिल्म सिंघम अगेन साल की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक है। फैंस भी रोहित शेट्टी की फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब डायरेक्टर रोहित शेट्टी ने सिंघम अगेन में अजय देवगन का लुक शेयर किया है। अजय देवगन की जो तस्वीर रोहित शेट्टी ने शेयर की है उसमें वो बहुत इंटेस नजर आ रहे हैं। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की उसमें अजय देवगन जम्मू-कश्मीर पुलिस की गाड़ियों और कंमाडोज के साथ पोज करते नजर आ रहे हैं। अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर अपने सिंघम अवतार की तस्वीर शेयर की है। उन्होंने कैप्शन में लिखा- ऑन ड्यूटी अगेन, अजय देवन का सिंघम अवतार देख फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है। वो फिल्म को लेकर बहुत से कमेंट्स कर रहे हैं।

टीवी मसाला

कीकू शारदा नहीं लाएंगे खुद का शो कपिल के शो में मिलती है इज्जत

मुंबई। कपिल शर्मा इस वक्त अपनी पूरी टीम के साथ नेटफ्लिक्स पर 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के साथ दर्शकों का मनोरंजन कर रहे हैं।सुनील ग्रोवर से लेकर चंदन प्रभाकर और सुमोना चक्रवर्ती उनके कॉमेडी शो को पास्ट में बीच में छोड़कर जा चुके हैं। हालांकि, एक इंसान जो इस शो से लगातार जुड़ा हुआ है, वो हैं कीकू शारदा। हाल ही में कीकू शारदा ने बताया कि इतना कमाने के बावजूद भी वह कभी कपिल शर्मा का साथ छोड़कर खुद का शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। एक साक्षात्कार में कीकू ने कहा, मेरे मन में कपिल के लिए इज्जत है। यह बात सच है कि मुझे भी कई लोग कहते हैं कि आप अपना शो क्यों नहीं शुरू करते हैं। लेकिन मैं जानता हूं कि 10-15 मिनट के एक्ट के लिए मुझे कितनी मेहनत करनी पड़ती है। कपिल एक से डेढ़ घंटे वह मेहमानों से बात करते हैं। वह जो काम करते हैं, वह उतना आसान नहीं है, जितना दिखाई देता है। कई बार ऐसा हुआ है कि जब मैं स्टेज पर परफॉर्म करता हूं, तो वह सोफे के पीछे जाकर खड़े हो जाते हैं।

मसाला कारोबार की जंग में सोनी चैनल का नया प्रयोग

मुंबई। ओटीटी के आने के बाद से अपनी धार खोता जा रहा छोटा परदा इन दिनों प्रयोगों के समंदर में तैरते रहने के लिए नई कोशिशें करता दिख रहा है। सास-बहू जैसे धारावाहिकों से इतर हो रहे इन प्रयोगों की नई कड़ी है, सोनी चैनल का नया धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक'। राजस्थान की पृष्ठभूमि पर बना यह शो परिवार के संबंधों की परतों को खोलता है और एक स्त्री के जीवन के संघर्षों के कुछ नए मानक प्रदर्शित करने की कोशिश करता है। अभिषेक निगम, सायली सालुंखे, अनुष्का मर्चेंड, सुमुखी पेंडसे और सुखदा खांडकेकर जैसे कलाकारों ने इस धारावाहिक के मुख्य किरदार निभाए हैं। सायली सालुंखे ने धारावाहिक 'पुकार - दिल से दिल तक' में वेदिका का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक, 'अपनी मां वाली छवि को तोड़ने के लिए मैंने इस शो को हां कहा था। इस शो में मैं एक ऐसी भूमिका निभा रही हूं, जो न्याय की गहरी भावना रखने वाली एक नेक, स्वतंत्र वकील है। वह हमेशा सही काम करने की कोशिश करती है।

माधवन ने अनिल कपूर को किया रिप्लेस

मुंबई। अजय देवगन, तब्बू और रकुल प्रीत सिंह स्टारर फिल्म दे दे प्यार दे ने ऑडियंस को एंटरटेन किया था। फिल्म में उम्र के फर्क को पार करते हुए एक अनोखी लव स्टोरी दिखाई गई जिसके सीक्वल की चर्चा लंबे समय से चल रही है। हमने आपको जानकारी दी थी कि दे दे प्यार दे 2 में अनिल कपूर नजर आ सकते हैं। फिल्म में एक्टर रकुल के पिता और अजय देवगन के ससुर के किरदार में दिखेंगे। लेकिन अब ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार झक्कास अनिल कपूर इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें शैतान एक्टर आर माधवन ने रिप्लेस किया है।अनिल कपूर को दे दे प्यार दे 2 की कहानी इतनी शानदार लगी थी कि एक्टर ने सुनते ही फिल्म के लिए हां बोल दिया था। उन्हें अजय देवगन के होने वाले ससुर के किरदार में देखना भी मजेदार होता। लेकिन अब रिपोर्ट के मुताबिक आर माधवन ये किरदार निभाने वाले हैं। वो अभी तक के सभी किरदारों से हटकर रकुल के पिता और अजय के ससुर के किरदार में दिखेंगे।

17 साल बाद प्रीति जिंटा ने कॉन्स के रेड कारपेट पर दिखाया जलवा

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस प्रीति जिंटा उन अभिनेत्रियों में से रहीं है, जिनकी एक्टिंग ही नहीं बल्कि फैंस उनकी खूबसूरती के भी दीवाने रहे। प्रीति की डिंपल वाली स्माइल पर आज भी फैंस अपना दिल हार बैठते हैं। प्रीति बीते लंबे वक्त से एक्टिंग से दूरी हैं। प्रीति जिंटा ने 17 सालों के बाद कॉन्स में कमबैक किया है। इस दौरान प्रीति का लुक बेहद चर्चा में बना हुआ है। कॉन्स के अपने फर्स्ट लुक से प्रीति ने हर किसी का दिल जीता है। रेड कारपेट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में प्रीति व्हाइट शिमरी गाउन पहने नजर दिख रही हैं, जिसमें वो बला की खूबसूरत नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ प्रीति ने हाई बन बनाया है जो उनके लुक को और भी खूबसूरत बना रहा है। वीडियो में प्रीति समंदर किनारे पोज देती दिख रही हैं। इस वीडियो को उनके एक फैन क्लब ने शेयर किया है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।

आबू धाबी के हिंदू मंदिर में दर्शन करने पहुंचे रजनीकांत

मुंबई। सुपरस्टार रजनीकांत ने हाल ही में आबू धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के दर्शन किए। अभिनेता की तस्वीरें बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा की गई हैं। इनमें वे मंदिर प्रांगण में नजर आ रहे हैं। पूजा अर्चना कर अभिनेता ने भगवान का आशीर्वाद लिया। मालूम हो कि इस बीच रजनीकांत को यूएई के संस्कृति और पर्यटन विभाग की तरफ से गोल्डन वीजा दिया गया है। बीएपीएस हिंदू मंदिर के आधिकारिक एक्स अकाउंट से रजनीकांत की फोटो और वीडियो साझा की गई हैं, जिनमें वे मंदिर परिसर में नजर आ रहे हैं। मंदिर ने कैप्शन में लिखा है, 'लोकप्रिय भारतीय अभिनेता रजनीकांत आबू धाबी मंदिर आए'। रजनीकांत ब्लैक ट्राउडर और व्हाइट टीशर्ट में नजर आ रहे हैं। मालूम हो कि आबू धाबी के इस मंदिर का उद्घाटन फरवरी 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था।

रिलीज से पहले कई वर्षों तक कानूनी पचड़े में फंसी फिल्में

मुंबई। भारत में सिनेमा को पसंद करने वालों लोगों की संख्या काफी ज्यादा हैं। यही वजह है कि भारत में हर साल हजारों फिल्में बनती हैं। इस दौरान कई फिल्में एडिटिंग टेबल से उतर कर आसानी से सीधा सिनेमाघरों में पहुंच जाती हैं। वहीं, कुछ फिल्मों को सिनेमाघरों में पहुंचने से पहले कई पापड़ बेलने पड़ते हैं। अक्सर फिल्मों को लेकर विवाद देखने को मिलता रहता है। कई ऐसी भी फिल्में रही हैं, जो कानूनी पचड़े में फंस कर कई वर्षों तक रिलीज ही नहीं हो पाईं। आज हम बात करेंगे ऐसी ही उन फिल्मों के बारे में, जो रिलीज से पहले ही कानूनी पचड़े में फंस गईं।

'जॉली एलएलबी 3'

'जॉली एलएलबी' काफी पसंद की जाने वाली फ्रेंचाईजी बन चुकी है। इसके पहले भाग 'जॉली एलएलबी' को दर्शकों से काफी प्यार मिला था। अब तीसरी कड़ी 'जॉली एलएलबी 3' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है। हालांकि, शूटिंग शुरू होते ही फिल्म कानूनी पचड़े में फंसती नजर आ रही है। अजमेर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान सिंह राठौड़ ने निर्माताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। उनकी शिकायत में दावा किया गया है कि फिल्म न्यायप्रणाली का मजाक बनाती है।

'कुली'

सुपरस्टार रजनीकांत की आगामी फिल्म 'कुली' काफी चर्चा बटोर रही है। अभिनेता के फैंस बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। यह एक एक्शन एंटरटेनर होगी। फिल्म का निर्देशन लोकेश कनकराज कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म रिलीज होने से पहले ही कानूनी पचड़े में फंसते नजर आ रही है। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट्स आई थी कि देश के दिग्गज संगीतकार इलैयाराजा ने उनके संगीत के अनाधिकृत उपयोग पर मेकर्स को लीगल नोटिस भेजा है।

'केरला स्टोरी'

साल 2023 में रिलीज हुई इस फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। इस फिल्म में अदा शर्मा, योगिता बिहानी, सोनिया बलानी आदि अहम भूमिकाओं में नजर आई थीं। फिल्म का निर्देशन सुदीप्तो सेन ने किया था। वहीं, विपुल अमृतलाल शाह फिल्म के निर्माता थे। फिल्म में दिखाया गया है कि केरल में गैर मुस्लिम महिलाओं को इस्लाम में धर्मांतरण करने के लिए मजबूर किया जाता है। फिल्म के ट्रेलर रिलीज के बाद से ही इसे लगातार विरोध झेलना पड़ा।

'पद्मावत'

यह एक भारतीय ऐतिहासिक फिल्म है, जिसका निर्देशन संजय लीला भंसाली द्वारा किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका में रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और शाहिद कपूर नजर आए थे। फिल्म में चितौड़ की प्रसिद्ध राजपूत रानी पद्मिनी के बारे में बताया गया था। इस फिल्म में अलाउद्दीन खिलजी को रानी पद्मिनी के आकर्षण में चितौड़गढ़ पर आक्रमण करता दिखाया गया है। फिल्म को लेकर काफी विवाद हुआ था। फिल्म की शूटिंग के दौरान भी कुछ लोगों द्वारा निर्देशक से मारपीट तथा सेट पर तोड़फोड़ करने की खबरें आई थीं।